कृष्णं वन्दे जगद्गुरुम्

विजयेश्वर पञ्चाङ्ग

पञ्चाङ्गप्रवर्तक :-
ज्योतिषी आनाभराम

संशोधक :
प्रेमनाथ शास्त्री

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत । अभ्युत्थानम्-अधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम् ॥
परित्राणाय साधूनां विनाशाय च दुष्कृताम् । धर्मसंस्थापनार्थाय सम्भवामि युगे युगे श्री भगवद्गीता

वन्दे-मातरम्



श्वेत शुद्ध वेदों की वाणी
हरा-हरी है धरती रानी

भगवा तप की एक निशानी
चक्र दुष्ट दल के दलने को

लहरों सा लहराये
तिरंगा झण्डा घर घर पर फहराये



शारदा
गुरुमुखी
कन्नड़
ओड़िया
प्रणवे च दृढ़ा मतिः
सिन्धी
गुजराती
असमिया
स वै "हिन्दू"
मराठी
बांगला
तमिल
मलयालम्
तेलुगु



पञ्चांग प्रवर्तक
ज्यो० आप्ताभ शर्मा

विजयेश्वर पञ्चांग

सप्तर्षि सम्वत्
5073

विक्रमी सम्वत्
2054

1997-98

संशोधक :
ज्योतिषी प्रेमनाथ शास्त्री

सम्पादक :
ओंकार नाथ शास्त्री
भूषण लाल ज्योतिषी

मूल्य 25/-

सिद्धान्तज्योतिषाचार्य साहित्याचार्य एम.ए. स्वर्णरजतपदक प्राप्त

मार्तण्ड पंचांग के सम्पादक श्री प्रियव्रत शर्मा

की सम्मति

विजयेश्वर पंचांग के विषय में

गतवर्ष सं० 2053 वि० में श्री विजयेश्वर पंचाङ्ग के सम्पादकों ने ग्रहों के दृक्पक्षीय भोगांश अपना लिए थे, लेकिन तिथ्यादि पंचाङ्ग वही परम्परानुसार खण्डखाद्यकीय रहने दिया थां।

इस वर्ष तिथ्यादि पंचाङ्ग भी दृक्पक्षीय अपनाया है, अतः हम यह कह सकते हैं अब "विजयेश्वर पंचाङ्ग" जम्मू काश्मीर का एकमात्र दृक्तुल्य पंचाङ्ग है। इस पंचाङ्ग को भारत के अन्य अनेक सूक्ष्मगणनावाले दृक्तुल्य पंचागों की सम्मान्य पंक्ति में ला कर खड़ा करने के उपलक्ष्य में मैं इस के सम्पादकों का हार्दिक अभिनन्दन करता हूँ।

(प्रियव्रत शर्मा)
2.7.96

विजयेश्वर पंचाङ्ग दृग्गणित के आधार से

काश्मीरी पण्डित जनता, पंचाङ्ग में ग्रहसंचार, नक्षत्र, मुहूर्त आदि की अपेक्षा तिथि 'दिवा' "प्रविष्ट" से दैनिक अधिक काम लेते हैं, इसलिये हमारा कर्तव्य बनता है तिथि, 'दिवा' "प्रविष्ट" बिल्कुल शुद्ध हो, "तिथि" 'दिवा' प्रविष्ट के लिये सूर्योदय में भी एक आध मिनट का अन्तर होना नहीं चाहे, जब कि सूर्योदय की गलती होने से कभी तिथि के क्षय तथा अधिक होने, ऐसे ही "दिवा" "प्रविष्ट" में अन्तर पड सकता है, इन बातों को ध्यान में रख कर इस वर्ष हमने पंचांग सम्पूर्णरूप में दृग्गणित के आधार से गणित किया है, उसके अतिरिक्त जम्मू के "Longitude" पर दैनिक सूर्योदय तथा अस्त गणित किया है, भिन्न-भिन्न स्थान का अक्षांश भिन्न-भिन्न होने से हर स्थान का सूर्योदय सूर्यास्त अलग अलग होता है, सम्भव है हमारे पञ्चाङ्ग को भारत के दृग्गणित के आधार से गणित किये हुयें पंचांगों के साथ कहीं तिथि आदि में अन्तर हो, ऐसा होना सम्भव है, पाठक उस से भ्रम में न पडें।

सम्पादक

गीता प्रवचन
काश्मीरी भाषा में

(प्रेम नाथ शास्त्री के ज़बान से)

27 मार्च 1996 को चैत्रशुद्धि दुर्गाष्टमी के दिन काश्मीरी पण्डित सभा एम्फला में रचाये गये एक विशाल यज्ञ में "काश्मीरी भाषा में गीता प्रवचन, का विमोचन डाक्टर कौशल्या वल्ली के हाथों से हुआ, यह गीता प्रवचन 11 कैस्टों में भरा हुआ है जिस का मूल्य 300/ रुपया है -



प्रेम नाथ शास्त्री, श्री त्रैलोकी नाथ सोसा (प्रधान) काशमीरी पण्डित सभा जम्मू, डा॰ कौशल्या

'गीता प्रवचन' कैसट्स का विमोचन डा॰ कौशल्या वल्ली के हाथों से काशमीरी पण्डित सभा एम्फला जम्मू में।

डाक खर्च अलग। आर्डर देते समय 150 रुपये एडवान्स भेजिये।

1. यदि आप घर में धार्मिक वातावरण बनाये रखना चाहते हैं, तो नियम से "गीताप्रवचन" सुनने का कार्यक्रम बनायें।
2. यदि आप अपनी संस्कृति के अंगभूत काश्मीरी भाषा को घर में सुरक्षित रखना चाहते हैं उस में भी यह "गीता प्रवचन" सहायक रहेगा।
3. यदि आप बिखरे काश्मीरी पण्डितों को एक धागे में पिरोना चाहते है तो उसकी भी यह "गीता प्रवचन" पूर्ति करेगा।
4. यदि आप वेदों उपनिषदों का सारभूत अमृतपान करना चाहते हैं तो "गीताप्रवचन" सुनने से बढ कर और कोई साधन नहीं है।
5. यदि आप किसी घरेलू, आर्थिक, मानसिक उलझन में उलझे हैं तो "गीता प्रवचन" सुनिये।
6. यदि आप के घर में कोई पैतृक, दैविक, महोत्सव है - यदि ऐसे अवसर पर श्राद्ध अथवा कोई यज्ञ करने का प्रोग्राम न बन सके तो "गीता प्रवचन" सुनिये।
7. यदि आप मनुष्य जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में पूर्णसफलता प्राप्त करना चाहते हैं - "गीता प्रवचन" को अपनायें।

लल्लद्यद — सरस्वती का अवतार — मनुष्य रूप में

श्री विवेकानन्द महाराज ने कहा है, "ऋषियों ने वेद, उपनिषद् षड्दर्शन तिजोरियों में बन्द रखे हैं" परन्तु उन तिजोरियों को खोलकर लल्लीश्वरी ने उपनिषदों, षड्दर्शनों, वेदान्त तथा शैवदर्शन के मोतिया लड्डू बना कर काश्मीरी पण्डितों के आध्यात्मिक उद्धार के लिये तैयार रखे हैं।

लल्लीश्वर्यै: नम:

मैं लल्लवाक्य नाम का पुस्तक बना रहा हूँ, जिसके प्रकाशित होने में अभी कुछ समय लगेगा – जो पुस्तक आप को कैस्टरूप में भी प्राप्त होगी, तीन कैस्ट काश्मीरी भाषा में अर्थ और व्याख्या सहित तैयार है, लल्लवाक्य कैस्ट के साथ श्री भास्कराचार्य और आचार्य रामशास्त्री जी का संस्कृतपद्यानुवाद साथ-साथ जोड़ा है, व्याख्या में मैंने यह सिद्ध करने का प्रयत्न किया है – लल्लीश्वरी के हर एक वाक्य का वेदों उपनिषदों विशेषतया शैवदर्शन के साथ तुलनात्मक मेल हैं।

(प्रतिकैस्ट का मूल्य 30 रुपया है डाकखर्च अलग)

प्रेमनाथ शास्त्री

काश्मीरी पण्डितों को बुजर्गों से विरसे में मिला हुआ आध्यात्मिक एक सारगर्भित उपहार है, प्रेमनाथ शास्त्री ने इस स्तोत्र की सरल तथा सुबोध हिन्दी टीका की है, इस वरसे में प्राप्त स्तुति का हम काश्मीरी पण्डितों को अर्थ समझने का प्रयत्न अवश्य करना चाहिये, यह अर्थ सहति पञ्चस्तवी आप को **धार्मिक पुस्तक भण्डार तिलोतालाब जम्मू** से मिलेगी। अवश्य इस स्तुति का पाठ करना चाहिये जब कि भगवत् गीता के अन्तिम अध्याय के 65, 66 वें श्लोक में भगवान् अर्जुन से कहता है **'मामेकं शरणं व्रज'** माँ की शरण में जा, ऐसे ही **"मां नमस्कुरु"** मां की शरण में जा, 9 वें अध्याय के 22 वें श्लोक में कहता है ***'अनन्याश्चिन्तयन्तो मां ये जनाः पर्युपासते तेषां योग क्षेमंवहाम्यहम्'*** जो अनन्य भाव से मां की शरण में जाता है, मैं उस की सभी कामनायें पूरी करता हूँ।

पञ्चस्तवी

पाठक! यद्यपि इन श्लोकों में मां का अर्थ है मुझ कृष्ण को, परन्तु वह कौन सा ताला है जिस की चाबी श्री मद्भगवत् गीता में मिलती नहीं है इन श्लोकों में 'मां' का अर्थ मां भी हो सकता है जैसा कि कई माता के विद्वान उपासकों ने किया है। देखिये गीताप्रेस के छपे हुये शक्ति अंक में **"सहज साधना में महाशक्ति या मां"** यह लेख श्री भीमचन्द्र चटोपाध्याय बी.ए.बी.एस.सी, एम.सी, एम.आर, ई०ई० ऐम्० आई.ई. देवी भक्त ने लिखा है

प्रबन्धक

हमारे प्रकाशन

(1) कर्म काण्डदीपक (हिन्दी तथा उर्दू में)

(जिस में धूपदीप, विष्णुपूजन, प्रेप्युन, शिवपूजा, दिवचक्षीर पूजा यक्षामावसी पूजा, जन्मदिन पूजा, बुनियाद मकान पूजा, गृह प्रवेश पूजा, दीपमाला पूजा, श्राद्ध संकल्प विधि, रुद्र मन्त्र, चमानुवाक्य, पत्र कथा तथा पत्र पूजा, शिवरात्रि पूजा, शिव महिम्नस्तोत्र हैं)

(2) पंचस्तवी (हिन्दी में) भाषा टीका सहित

पंचस्तवी (उर्दू में) भाषा टीका सहित

(3) भवानी सहस्त्रनाम, महिम्नास्तोत्र, बहुरूपगर्भ, इन्द्राक्षी (उर्दू तथा हिन्दी में)

(4) शिवरात्रि पूजा (हिन्दी तथा उर्दू में)

(5) महिम्नस्तोत्र (उर्दू में अर्थ सहित)

(6) सन्ध्या (हिन्दी तथा उर्दू में)

(7) सहस्त्रनामावली (पुष्पार्चन) हवन के लिये स्वाहाकार हिन्दी में

(1) शिवसहस्र नामावली, (2) विष्णुसहस्र नामावली (3) गणेश सहस्र नामावली (4) सूर्य सहस्र नामावली (5) भवानी सहस्र नामावली (6) शारिका सहस्रनामावली (7) ज्वाला सहस्र नामावली (8) महाराज्ञी सहस्र नामावली (9) शारदा पढिये (10) राम गीता (हिन्दी में) (11) श्रीमत् भगवद्गीता (उर्दू में छप रही है)

इस के अतिरिक्त प्रेम नाथ शास्त्री की ज़बान से भरे हुए निम्नलिखित कैसट्स मिल सकते हैं।

1. गीता प्रवचन (काश्मीरी जबान में व्याख्या सहित)
2. लल वाक्य (काश्मीरी जबान में व्याख्या सहित)
3. भवानी सहस्त्रनाम, 4. नित्य नियम विधि, 5. जन्मदिन पूजा तथा पन्न पूजा, 6. पंचस्तवी, 7. शिवरात्रि पूजा, 8. दुर्गा सप्तशती, 9. राम गीता, 10. अन्तिम संस्कार विधि, 11. महिम्नस्तोत्र।

(1) **देहली :-**

(1) **तनेजा इल्कट्रानिक्स एण्ड टैन्ट हाऊस,** रघुनाथ मन्दिर, अमर कॉलोनी, लाजपत नगर, ☎ 6429046

(2) **ब्रह्मपुत्र शापिंग कम्पलैक्स,** शाप नं० 45, सैक्टर-29, नौएडा, ☎ : 8539338

(2) **उधमपुर (जम्मू)**

यूनिवर्सल न्यूज़ एजेन्सी, मुर्कजी बाजार,

(3) **जम्मू**

(1) **विजयेश्वर धार्मिक पुस्तक भण्डार** तालाब तिलो ☎ 555763

(2) **जे० के० बुकशाप,** तालाब तिलो

(3) **भसीन पिक्चर पैलस पक्का ढंगा,** ☎ 43885

(4) **गुप्ता स्टेशनरी स्टोर,** सिटी चौक

D.P.B. PUBLICATION
(Dehati Pustak Bhandar)
110, Chawri Bazar, Delhi-110006

☎ 3273220

विजेयश्वर ज्योतिष कार्यालय के नियम

जन्म पत्री के लिये शुद्ध गणित का होना आवश्यक होता है यदि आप शुद्ध और सही जन्मपत्री बनवाना चाहते हैं तो सम्वत्, तिथि, समय, जन्मस्थान और गोत्र लिख कर भेजें।

(1) जन्मपत्री बनवाने की दक्षिणा = 150 रु॰

(2) यदि आप संक्षिप्त रूप से अपने भविष्य में होने वाली महत्व पूर्ण घटनाओं, नौकरी, शिक्षा, विवाह इत्यादि के विषय में जानना चाहते हैं तो उसके लिये अलग से 300 रुपये एडवांस भेजने की कृपा करें।

(3) यदि आप ने सम्पादक से मिलना हो तो विजेयश्वर धार्मिक पुस्तक भण्डार तालाब तिलो जम्मू अथवा **दूरभाष** : 555763, 555607 से सम्पर्क करें।

वटुक परमूज़ुन

फाल्गुन कृष्ण पक्ष अमावसी 26 फरवरी को

वटुक परमोज़ुन के लिये सूर्य (प्राण) चन्द्रमा (मन) के संयोग का होना आवश्यक है जो संयोग अमावस्या तिथि पर ही होता है जब कि अमावस्या के दिन सूर्य चन्द्र का अन्तर 12 अंश से कम होता है योगियों और साधकों की दृष्टि से अमावस्या के दिन सूर्य चन्द्रमा का संयोग साधना के लिये उत्तम माना गया है इस कारण दिन घटे या बढे (त्र्यह: हो या त्रिस्पक्) वटुक परमोज़ुन अमावस्या को ही मनाने का विधान है।

सम्पादक

ब्राह्मी - विद्या

ॐ ॐ ॐ = तीन प्रकार के दुःखों का निवारण करने के लिये मंगलरूप में तीन बार आरम्भ में 'ॐ' का उच्चारण किया गया है, त्रिगुण पुरुष = तुम त्रिगुण पुरुष हो अर्थात् तीन गुणों में तेरा ही निवास है, क्षेत्र चर = शरीर रूपी क्षेत्र में फिरने से तुम ही क्षेत्रचर हो, मोहं = मोह रूपी ग्रन्थी को, भिन्धि= काटो, रजस्तमसी = रजो गुण, तमो गुण रूपी ग्रन्थियों को काटो, प्राकृत = बनावटी, पाशजालं = बन्धनों का जाल, सावरणं = आवरण सहित, परिहर = फैंक दो, सत्वं ग्रहाण = तत्वं को जान, पुरुषोत्तमोसि = तुम स्वयं ही, पुरुषोत्तम हो, सोम = चन्द्रमा, सूर्य = सूरज, =अग्नि, प्रवर=तेजोमय रूप, परमधामन् = उत्तम स्थान वाले, ब्रह्म, विष्णु, महेश्वर, स्वरुप = तुम ही ब्रह्मा, विष्णु, महेश रूप हो, सृष्टि स्थिति = तुम ही सृष्टि को बनाने वाले हो, संहार कारक=नाश करने वाले हो, भ्रू-मध्य-निलय = भ्रुवों के मध्य में ध्यान टिकाने से तुम जाने जाते हो, तेजोसि = तुम तेज रूप हो, धामसि = तुम उत्तम धाम वाले हो, अमृतात्मन् = तुम अमृत रूप हो, ॐ तत्सत् = तुम सत् रूप हो, हंसः = तुम स्वयं प्रकाश हो, शुचिषत् = तुम निर्मल स्थान पर रहने वाले हो, वसुरन्त-रिक्षसत् =तुम आकाश में रहने वाले वसु नाम के देवता हो, होता = तुम ही अग्नि में आहुति डालने वाले हो, वेदिषत् = तुम ही यज्ञ की वेदी पर ठहरे हुये अग्नि हो, अतिथिर्दराणसत् = तुम ही ग्रहस्थों में अतिथि रूप देवता हो, नृषत =

तुम मनुष्यों में रहने वाले हो, **वरसत** = तुम देवताओं में रहने वाले हो, **ऋत सत्** = तुम सत्य में रहने वाले हो, **व्योम सत्** = तुम आकाश में ओत प्रोत हो, **अब्जः** = तुम जल में उत्पन्न होने वाले रत्न शंक आदि हो, **गोजा** = तुम पर्वतों तथा पृथ्वी से प्रकट होने वाले अन्न औषधि रूप हो, **अद्रिजा** = तुम पवर्तों से प्रकाट होने वाले नदी-नाले रुप हो, **ऋतजा** = तुम सब से महान् और परम सत्य हो, **परम-ब्रह्म-स्वरुप** = तुम परम ब्रह्म स्वरूप हो, **सर्वगत** = तुम सब में गए हो, **सर्व शक्ते** = तुम सर्व शक्तिमान् हो, **सर्वेश्वर** = तुम सबों के स्वामी हो, **सर्वेन्द्रिय** = सब इन्द्रियों से, **ग्रन्थि भेदं कुरु** = आसक्ति छोड़ो, **परमं-पदं** = उस परमपद का, **पर मार्ग** = उस उत्तम मार्ग का, **परामर्शय** = विचार कर, **ब्रह्म-द्वारं सर** = ब्रह्मद्वार की ओर चल अर्थात् अपने स्वरूप को ज़ान, **कुमार्ग जहि** = अज्ञान के मार्ग को छोड, **षट्-कौशिकं शरीरं** = इस षट् कोशिक शरीर अर्थात् रोम, रक्त, मांस, मज्जा, हड्डियां और वीर्य से बने हुये शरीर को, **त्यज** = छोडो, **शुद्धोसि** = तुम शुद्ध रूप हो, **बुद्धोसि** = तुम बुद्धि रूप हो, **विमलोसि** = तुम निर्मल हो, **स्वपदम्-आस्वादय स्वाहा** = अपने स्वरूप का अनुभव कर इस ज्ञान को तू अच्छी प्रकार स्वीकार कर !

नित्यप्रार्थनाविधिः

शुक्लाम्बरधरं विष्णुं शशिवर्णं चतुर्भुजं प्रसन्नवदनं ध्याये सर्वविघ्नो पशान्तये।
अभिप्रीतार्थ सिद्धयर्थ पूजितो यः सुरैरपि सर्वविघ्नच्छिदेतस्मै गणाधिपतये नमः।।

शब्दार्थः- ***शुक्ल*** = सफेद, ***अम्बर*** = वस्त्र, ***धरं*** = धारण किये हुये, ***विष्णुं*** = सर्वव्यापक, ***शशिवर्णं*** = चन्द्रमा जैसे वर्ण वाले, ***चतुर्भुजं*** = चार भुज वाले, ***प्रसन्नवदनं*** = प्रसन्न मुख वाले, ***ध्याये*** = ध्यान करता हूँ, ***सर्वविघ्नोनपशान्तये*** = सब विघ्नों के शान्ति के लिये, ***अभिप्रीत*** = चाही हुई, ***सिद्धयर्थ*** = सिद्धि के लिये, ***यः*** = जो गणेश जी, ***सुरैः*** = देवताओं से, ***अपि*** = भी, ***पूजितः*** = पूजा जाता है, ***तस्मैः*** =उस, ***सर्वविघ्नच्छिदे*** = सब विघ्नों के नाश करने वाले, ***गणाधिपतये*** = गणेश जी को **नमः** = नमस्कार हो।

अर्थः- *मैं सफेद वस्त्र धारण किये हुये सर्वव्यापक, चन्द्रमा के जैसे वर्णमाले चार भुजाओं से युक्त प्रसन्नमुखवाले गणेश जी का ध्यान सभी विघ्नों की शान्ति के लिये करता हूँ जिस गणेश जी का पूजन देवता भी अपना इष्ट पाने के लिये करते हैं उसी सभी विघ्नों का नाश करने वाले गणेश जी को नमस्कार करता हूँ।*

टिप्पणीः- गणेश जी का वर्ण लाल होते हुए भी ऊपर के श्लोक में गणेश जी के वस्त्रों का रंग सफेद क्यों कहा है? इस श्लोक से संकेत मिलता है गणेश पूजा अनादि काल से चलती आई है जबकि चार युगों में से पहला युग है सत्य युग, सत्य युग के गणेश का वर्ण था सफेद।

बिभ्रत-दक्षिण-हस्त-पद्म-युगले, दन्ताक्ष सूत्रे शुभे- वामे मोदक-पूर्णपात्र-परशू-नागोपवीती-त्रिदृक्।
श्रीमान्-सिंहयुगासन: श्रुतियुगे, शंखौ वहन्-मौलिमान् दिश्यात्-ईश्वर पुत्र-ईश भगवान् लोम्बोदरः शर्म-न:।।

शब्दार्थ:- *बिभ्रत्* = धारण किया है, *हस्तपद्मयुगले* = दो करकमलों में, *दन्ताक्षसूत्रे* = एक में हाथी का दान्त, दूसरे में अक्षमाला, *शुभे* = निर्मल, *वामे* = बायें दो हाथें में, *मोदक पूर्ण पात्र* = लड्डू से परिपूर्ण पात्र और *परशु* = कुल्हाड़ी, *नागोपवीती* = यज्ञोपवपीत के रूप में ही सर्प धारण किया हुआ है, *त्रिदृक्* = अग्नि, चन्दन और सूर्य जिस के तीन नेत्र हैं। *श्रीमान* = शोभायमान् *सिंहयुगासन:* = दो सिंह के चरम जिस के आसन है, *श्रुति युगे* = जिस ने दोनों कानों में, *शंखौ* = दो शंख; *वहन्* = ध ारण किये हैं, *मौलिमान्* = जिसने मुंकुट धारण किया है, *ईश्वरपुत्र:* = वही शंकर के पुत्र, **ईश** = सर्वशक्तिमान् *भगवान्* = ऐश्वर्य, *लम्बोदर:* = लम्बे पेट वाला (सब चराचर सृष्टि को लय करने वाला) *न:* = हमें, *शर्म* = कल्याण, *दिश्यात्* = दे।

अर्थ:- वह गणेश जी हमारा कल्याण करे, जिस के दायें के दो हाथों में निर्मल दन्त और अक्षमाला है, बायें के दो हाथों में मोदक का पूर्णपात्र और कुल्हाड़ी है, सर्प यज्ञोपवीत के रूप में है जिस के तीन नेत्र है, जो शोभायमान है, दो सिंह के चरम जिस के सिर पर मुकुट है वह शंकर का पुत्र सर्वशक्तिमान ऐश्वर्यवाला हमारा कल्याण करे।

शान्ताकारं भुजगशयनं पद्मनाभं सुरेशं विश्वधारं गगनसहदृशं मेघवर्ण शुभाङ्गम् ।
लक्ष्मीकांतं कमलनयनं योगिभिर्ध्यान् - गम्यं वन्दे विष्णुं भवभयहरं सर्वलोकैक नाथम् ।।

शब्दार्थः- ***शान्ताकारं*** = शान्त आकार वाले, ***भुजगशयनं*** = जो शेषनाग पर शयन करता है, ***पद्मनाभं*** = जिस के नाभि में पद्म है, ***सुरेशं*** = देवताओं का स्वामी, ***विश्वाधारं*** = जगत् का आधार, ***गगन सदृशं*** = आकाश जैसा विशाल, ***मेघवर्णं*** = श्यामवर्ण का, ***शुभाङ्गम्*** = सुन्दर अंगों वाला, ***लक्ष्मीकान्तं*** = लक्ष्मी का पति, ***कमल नयनं*** = कमल जैसे नेत्र वाला, ***योगिभिः*** = योगी लोग, ***ध्यानगम्यं*** = जिस को ध्यान से जानते हैं, ***.व भयहंर*** = संसार के भयों को दूर करने वाले, ***सर्वलोकैक नाथम्*** = सवलोकों के स्वामी, ***विष्णुं*** = भगवान् को, ***वन्दे*** = प्रणाम करता हूँ।

अर्थः- शान्त आकार वाले, शेष नाग पर शयन करने वाले पद्मनाभवाले देवताओं के स्वामी, जगत्के आध ार, आकाश के समान श्याम वर्ण वाले, सुन्दर अंगों वाले, लक्ष्मी के पति, कमल जैसे नेत्र वाले, योगी जिसका ध यान करते हैं, संसार के भयों का नाश करने वाले, सब लोकों के स्वामी मैं ऐसे ही विष्णु भगवान् का ध्यान करता हूँ।

दुर्गा स्तोत्र

नमस्ते शरण्ये शिवे सानुकम्पे, नमस्ते जगद्व्यापिके विश्वरूपे।
नमस्ते जगद्वन्द्य पादारविन्दे, नमस्ते जगत्तारिणि त्राहि दुर्गे।।
नमस्ते जगच्चिन्त्यमान स्वरूपे, नमस्ते महायोगि विज्ञान रूपे।
नमस्ते नमस्ते सदानन्दरूपे, नमस्ते जगत्तारिणि त्राहि दुर्गे।।
अनाथस्य दीनस्य तृष्णातुरस्य, भयाभीतभीतस्य बद्धस्य जन्तोः।
त्वमेकागतिर्देवि निस्तार कर्त्री, नमस्ते जगत्तारिणि त्राहि दुर्गे।।
अरण्ये रणे दारुणे शत्रुमध्ये, जले संकटे राजगेहे प्रवाते।
त्वमेकागतिर्देवि! निस्तार हेतु, नमस्ते जगत्तारिणि त्राहि दुर्गे।।

गौरीस्तुतिः

ॐ लीलारब्ध-स्थापित-लुप्ताखिल-लोकां, लोकातीतै-र्योगिभिर्-अन्तर्-हृदि-मृग्याम्
बालादित्य-श्रेणि-समान-द्युति-पुञ्जां, गौरीम्-अम्बाम्-अम्बु-रुहा-क्षीम्-अहम्-ईडये

अर्थः- जो जगदम्बा बिना किसी परिश्रम के सृष्टि को बनाती है पालन करती है और नाश करती है, योग के अन्तिम अवस्था पर पहुंचे हुये योगी जिस शक्ति रूपी मां को हृदय में ढूंढते हैं, उदित होते हुये असंख्य सूर्यों जैसी प्रकाश वाली, कमल जैसे नेत्रों वाली माता गौरी = योगाग्नि से जलाये हुये शरीर के कारण गौर वर्ण वाली की मैं स्तुति करता हूँ।

आशा-पाश-क्लेश-विनाशं विदधानां, पादाम्भोज-ध्यान-पराणां पुरुषाणाम्।
ईशीम्-ईशाङ्. गार्ध हरां तां तनुमध्यां, गौरीम्-अम्बाम्-अम्बु-रुहा-क्षीम्-इहम्-ई० ।।

अर्थः- जो भक्त जन उस शक्ति रूपी माता के चरण कमलों के ध्यान में लगे हुयें हैं, उन के आशा के बन्धनों से पैदा हुये कष्टों को नाश करने वाली, शक्ति शाली, शंकर के आधे शरीर पर अधिकार वाली, सूक्ष्म कमर वाली, कमल जैसे नेत्रों वाली, माता गौरी की मैं स्तुती करता हूँ।

प्रत्याहार-ध्यान-समाधि-स्थितिभाजां, नित्यं चित्ते निर्वृत्तिकाष्ठां कलयन्तीम् ।
सत्य-ज्ञाना-नन्दमयीं तां तडित्-आभां, गौरीम्-अम्बाम्-अम्बु-रुहा-क्षीम्-अहम्-ईडये् ।।

अर्थ:- प्रत्याहार, ध्यान तथा समधि की साधना में लगे हुये भक्तों के चित्त में आनन्द उत्पन्न करने वाली, सत्य ज्ञान तथा आनन्द स्वरूप वाली, बिजली की जैसी प्रकाशवाली, कमल जैसे नेत्रों वाली गौरी माता की मैं स्तुति करता हूँ।

टिप्पणी-: (प्रत्याहार) इन्द्रियों का अपने अपने विषयों के संग से मुंहमोड़ना इन्द्रियों का चित्त के नियन्त्रण में ही रहना 'प्रत्याहार' कहलाता है, प्रत्याहार के सिद्ध होने पर प्रत्याहार के समय योगी को बाहर का ज्ञान नहीं होता है अपितु व्यवहार के समय पर होता है। (ध्यान) धार्मिक चिन्तन-अथवा चित्तवृत्ति की एकान्तता को ध्यान करते हैं। (समाधि) ध्यान का दूसरा रूप ही समाधि है, ध्यान करते समय योगी का चित्त जब ध्येयाकार वाला हो जाता है, ध्येय के बिना जब योगी अपना आप भूल जाता है तो समाधि कहलाती है। ध्यान और समाधि में अन्तर:- ध्यान में ध्यान करने वाला अर्थात् ध्याता, ध्यान, ध्येय इन तीनों का भान रहता है परन्तु समाधि में इन तीनों की एकता हो जाती है, केवल ध्यानाकार वृत्ति ही रहती है।

चन्द्रापीडा-नन्दितमन्द-स्मितवक्त्रां, चन्द्रापीडा-लंकतृ-लोला-लकभाराम् ।
इन्द्रोपेन्द्रा-द्यर्चित पादाम्बुजयुग्मां, गौरीम्-अम्बाम्-अम्बु-रुहा-क्षीम्-अहम-ई० ।।

अर्थः- भगवान् शंकर को आनन्दित करने वाले मुस्कराहट से युक्त मुख वाली, भगवान् शंकर के निमित सजाये हुये घूंघट वाले बालों की भार वाली, इन्द्र तथा नारायण जिस के चरणों की पूजा करते हैं उस कमल जैसे नेत्रों वाली गौरी माता की मैं स्तुति करता हूँ।

नाना कारैः शक्ति-कदम्बै-र्भुवनानि, व्याप्य स्वैरं क्रीडति यासौ स्वयमेका।
कलयाणीं तां कल्पलताम्-आनतिभाजां, गौरीम्-अम्बाम्-अम्बु-रुहा-क्षीम्-अहम्-इड्ये ।।

अर्थः- भिन्न-भिन्न शक्तियों से भूः, भुवः, स्वः लोकों में व्याप्त हो कर जो मां अकेली स्वंतन्त्र रूप से खेलती रहती है, जो कल्याण रूप से शरण में आये हुओं के लिये कल्पलता है अर्थात् हर कामना को पूर्ण करने वाली है ऐसी ही कमल जैसी नेत्रों वाली मां की मैं स्तुति करता हूँ।

मूलाधारात्-उत्थित-वन्तीं विधिरन्ध्रं, सौरं-चान्द्रं धाम विहाय ज्वलिताङ्गीम्।
स्थूलां सूक्ष्मां सूक्ष्मतरां ताम्-अभिवन्द्यां, गौरीम्-अम्बाम्-अम्बु-रुहा-क्षीम्-अहम्-ईड्ये ।।

अर्थः- सूर्य लोक और चन्द्रमा लोक से गुज़र कर मूलाधार से उठी हुई ब्रह्म रन्ध्र तक पहुंची हुई प्रकाश रूप, स्थूल, सूक्ष्म तथा कारण शरीर में व्याप्त, प्रणाम के योग्य, कमलों जैसी नेत्रों वाली माता गौरी की मैं स्तुति करता हूँ।

टिप्पणी:- *इस श्लोक में मूलाधार ब्रह्मरन्ध्र का उल्लेख है इसलिये मूलाधार इत्यादि षट् चक्रों के विषय में पाठकों की जानकारी के लिये इस विषय पर थोड़ा सा प्रकाश डालना ज़रूरी है। मनुष्य शरीर शक्ति का केन्द्र है योगियों का कहना है कि मूलाधार में कुण्डलिनी सोई होती है, कुण्डलिनी सर्प के आकार की होती है, इसलिये कुण्डलिनी कहलाती है, योगियों के शरीर में इस के जाग्रत होने पर यह चक्र की तरह बहुत गति से चलती है इस के चलने की शक्ति प्रकाश की गति से भी अधिक है प्रकाश 25 हज़ार मील प्रति सैकण्ड की गति से चलता है, और कुण्डलिनी 3,45000 मील प्रति सेकेण्ड की गति से चलती है, कुण्डलिनी जाग्रत हो कर इडा पिंगला नाडी से गुजर कर अथवा इसी सूर्य तथा चन्द्रमा नाडी की सहायता से षट् चक्रों को अथवा षट्-कमलों को प्रफुल्लित करके ब्रह्मरन्ध्र अथवा सहस्र दल में पहुँच कर सदा शिव के साथ मिल जाती है, सहस्रदल को प्रज्वलित करना ही कुण्डलिनी साधना की अन्तिम अवस्था है।*

षट् चक्र अथवा षट् दल

(1)	मूलाधार चक्र	=	जो गुदा के समीप है, इस के चार दल हैं।
(2)	मणिपूरक	=	नाभि के सामने हैं, जिस के दस दल हैं।
(3)	स्वाधिष्ठान चक्र	=	जो लिंग के सामने है, जिसके 6 दल हैं।
(4)	अनाहत	=	हृदय के सामने है, जिसके 12 दल हैं।
(5)	विशुद्धाख्य	=	कण्ठ के सामने है, जिसके 16 दल हैं।
(6)	आज्ञाचक्र	=	भौंहों के मध्य में है, जिसके 2 दल हैं।

आदि-क्षान्ताम्-अक्षर मूर्त्या, विलसन्तीं, भूते भूते भूत-कदम्बं प्रसवित्रीम्।
शब्द-ब्रह्मा-नन्द-मयीं ताम्-अभिरामां, गौरीम्-अम्बाम्-अम्बु-रुहा-क्षीम्-अहम्-ई०।।

अर्थ= 'अ' से लेकर 'क्ष' तक अक्षर रूप में विलास करने वाली, युग-युग में प्राणियों को उत्पन्न करने वाली, शब्द ब्रह्मस्वरूप आनन्दमई उस सुन्दर मां का, जिस के नेत्र कमल के सम्मान हैं मैं स्तुति करता हूँ।

टिप्पणी = ऊपर लिखित षट्दलों में 'अ' से लेकर 'क्ष' तक अक्षर अंकित हैं जिन को मात्रिकायें कहते हैं, योगियों के मत से षट् दलों में अन्तिम मात्रा 'क्ष' है जो आज्ञाचक्र में अंकित है इसी कारण इस श्लोक में 'अ' से 'क्ष' तक का वर्णन है जबकि वर्णमाला में पहला अक्षर 'अ' है और अन्तिम अक्षर 'ह' है। "शब्द ब्रह्म" योगी की जब कुण्डलिनी जाग्रत होती है तो उससे **'स्फुट'** अर्थात् शब्द होता है, उसका पहला शब्द **'नाद'** कहलाता है इसी प्रकार जीव सृष्टि में पहला उत्पन्न होने वाला शब्द **'ब्रह्म'** कहलाता हैं।

यस्या कुक्षौ लीनम्-अखण्ड़ं, जगत्-अण्डं, भूयो भूयः प्रादुर्-अभूत्-अक्षतमेव।
भर्त्रा सार्धं तां स्फटिकाद्रौ, विहरन्तीं, गौरीम्-अम्बाम्-अम्बु-रुहा-क्षीम्-अहम्-ईड्०

अर्थ = जिस जगदम्बा की गोद में यह सब सृष्टि लय हो जाती है फिर बार-बार किसी खण्डन के बिना फिर से उत्पन्न होती है प्रकाश के केन्द्र ब्रह्मरन्ध्र में सदाशिव के साथ विहार करती हुई अथवा बर्फ

से ढक्के हुये सफेद हिमालय पर्वत पर विहार करने वाली कमल जैसे नेत्रों वाली गौरी माता की मैं स्तुति करता हूं।

यस्याम्-एतत्प्रोतम्-अशेषं मणिमाला, सूत्रे यत्-वत् क्वापि चरं चाप्यचरं च।
ताम्-अध्यात्म-ज्ञानपदव्या-गमनीयां, गैरीम्-अम्बाम्-अम्बु-रुहा-क्षीम-अहम्-ईड्ये।।

अर्थ =जिस शक्ति में यह सारी चराचर सृष्टि ऐसे पिरोई हुई है जैसे सूत्र में रत्न गुथे हुये होते हैं उसी शक्ति रूपी मां को जो आध्यात्मज्ञान से जानी जाती है जिस के नेत्र कमलों के समान हैं उसी मां की मैं स्तुति करता हूँ।

नित्य: सत्यो निष्कल एको जगदीश: साक्षी यस्या: सर्गविधौ सहंरणे च।
विश्वत्राण-क्रीडन शीलां शिवपत्नीं, गौरीम्-अम्बाम्-अम्बु-रुहा-क्षीम्-अहम्-ई०।।

अर्थ =जिस महामाया के सृष्टि बनाते समय अथवा संहार करते समय सदा शिव जो नित्य, सत्य, सजातीय इत्यादि तीन भेदों से रहित है जो आप के बनाने के काम में केवल साथी रूप में रहते हैं, जगत की रक्षा करना जिन का एक खेल है उसी कमल जैसी नेत्रों वाली गौरी माता की मैं स्तुति करता हूँ।

प्रातः काले भावविशुद्धिं विदधानो, भक्त्या नित्यं जल्पति गौरीदशकं यः।
वाचां सिद्धिं सम्पत्तिम् - उच्चैः शिवभक्तिं, तस्या-वश्यं पर्वत-पुत्री विदधाति।।

अर्थ = जो प्रातः काल शुद्ध हृदय से युक्त और संकल्प विकल्प रहित होकर भक्ति से नित्य इन दस गौरी माता के श्लोकों का उच्चारण करता है उस भक्त को सिद्धि, ऐश्वर्य, भगवान् शंकर की भक्ति पार्वती माता अवश्य देती है।

सर्वमङ्गल-मङ्गल्ये, शिवे-सर्वार्थ-साधिके शरण्ये त्र्यम्बके गौरि नारायणि नमोस्तु ते।।

सर्वमङ्गल = भक्त की सभी शुभकामनायें सिद्ध करने से, ***मङ्गला*** = सुन्दर अथवा कल्याण कारी, ***शिवे***, (दिवी पुराण में शिवा शब्द मुक्ति का वाचक है) हे मोक्ष देने वाली, ***सर्वार्थसाधिके*** = धर्म, अर्थ काम, मोक्ष वाली, ***शरण्ये*** = दुःखों से रक्षा करने वाली, ***त्र्यम्बके*** = अग्नि, सूर्य, चन्द्रमा रूप तीन नेत्र वाली ***गौरी*** = दक्ष के यज्ञ में योग-अग्नि में भस्म बनी हुई, हे गौर वर्णवाली ***नारायणि*** = विष्णु की लक्ष्मी रूपा शक्ति वाली हे माता, ***नमः*** = नमस्कार ***अस्तु*** = हो, ***ते*** = तुम्हें।।

अर्थः- *सभी शुभकामनाओं को सिद्ध करने से सुन्दर अथवा कल्याणकारी, धर्म, अर्थ, काम, मोक्ष को देने वाली, दुःखों से रक्षा करने वाली अग्नि चन्द्रमा, सूर्य रूप तीन नेत्रों वाली, दक्ष प्रजापति के यज्ञ में योग अग्नि में भस्म बनी हुई अतः गौरवर्णवाली, विष्णु की लक्ष्मी रूपा शक्तिवाली माता तुम्हें नमस्कार हो।*

अभिनवगुप्त कृत शिवस्तुतिः

इस स्तुति के बारे में जनश्रुति चलती आई है, "जब अभिनवगुप्त स्वेच्छा से अपना पंचभौतिक शरीर छोड़ने के लिये किसी रम्य एकान्त भूमि की तलाश में जन्मभूमि काश्मीर के घने जंगलों में घूम रहे थे, उस समय उनकी शिष्य मण्डली उन के साथ थी, उसी समय शैवशास्त्रों के रचयिता अभिनवगुप्त ने इस स्तुति की रचना की है शिष्यमण्डली के साथ इस शिवस्तुति के गूँज में ही मनोवाँछित स्थान पर पहुँच कर अभिनवगुप्त पञ्चभौतिक शरीर छोडकर ब्रह्मलीन हुये।

ॐ व्याप्त-चराचर-भाव-विशेषं, चिन्मयम्-एकम्-अनन्तम्-अनादिम्।
भैर-व-नाथम्-अनाथ-शरण्यम्, तन्मय-चित्ततया-हृदि वन्दे।। 11

भावार्थ: मैं अभिनवगुप्त मन की एकाग्रता से उस शंकर की हृदय में वन्दना करता हूँ, जो शंकर अखिल चराचर सृष्टि में ओत प्रोत है। जो ज्ञान रूप है, अनन्त है। भैरवों का स्वामी है और अनाथों को शरण देने वाला है।

त्वन्मयम्-एतत्-अशेषम्-इदानीं, भाति मम त्वत्-अनुग्रह शक्त्या
त्वं च महेश सदैव ममात्मा, स्वात्ममयं मम तेन समस्तम्।। 2 ।।

अर्थः यह चराचर सृष्टि आप का ही रूप है, ऐसा मुझे आप की अनुग्रहशक्ति से प्रतीत होता है, परन्तु हे शंकर मेरी आत्मा ही आप हैं, अतः यह सारा जगत् मेरा ही रूप है, ऐसा भी मैं अनुभव करता हूँ।

स्वात्मनि-विश्वगते त्वयि नाथे, तेन न संसृति-भीतेः कथास्ति
सत्-स्वपि दुर्धर-दुःख विमोह, त्रास-विधायिषु कर्म-गणेषु।। 3 ।।

अर्थः हे नाथ ! भयंकर दुःख मोह उत्पन्न करने वाले कर्मों के जाल में फंसे हुये, आप के भक्त इस भावना से कि विश्व आप का ही रूप है अतः वे संसार के क्षणिक दुःखों से डरते नहीं हैं, क्योंकि डर अथवा भय तब होता है जब दूसरा हो, जब आप के बिना कोई दूसरा है ही नहीं तो डर कहाँ "भयं द्वितीयात्"

अन्तक ! मां प्रति मा दृशम्-एनां, क्रोध-कराल-तमां विदधीहि
शंकर-सेवन-चिन्तन-धीरो, भीषण-भैरव-शक्ति-मयोस्मि ।। 4 ।।

अर्थः हे यमराज ! क्रोध से कराल भयंकर दृष्टि से मेरी ओर न देख, जबकि मैं हर समय शंकर सेवन

के चिन्तन में लगा रहता हूँ, जिस सेवा चिन्तन से मैं भैरवशक्ति का पुंज बना हूँ अतः आप की यह कराल क्रोधभरी दृष्टि मेरा कुछ बिगाड़ नहीं सकती है।

इत्थम्-उपोढ-भवन्मय-संवित्, दीधिति-दारित-भूरि-तमिस्रः
मृत्यु-यमान्तक कर्म-पिशाचै, र्नाथ ! नमोस्तु न जातु बिभेमि ।। 5 ।।

अर्थः हे शंकर सब कुछ आप का ही रूप है ऐसी संवित् के जागृत होने से मेरा अज्ञानरूपी अन्धकार नष्ट हो चुका है, अतः मैं यमराज के परिवारभूत पिशाच आदि से डरता नहीं हूँ, हे नाथ मेरा आप को बार-बार नमस्कार हो।

प्रोदित-सत्य-विबोध-मरीचि-प्रोक्षित-विश्व-पदार्थ-सतत्वः
भाव-परामृत-निर्भरपूर्णे, त्वय्यहम्-आत्मनि निर्वृतिम्-एमि।। 6 ।।

अर्थः हे शंकर ! आप के सत्यज्ञानरूप किरणों से विश्व के पदार्थ तथा सभी तत्व सिंचित अथवा हरकत में है। ऐसे ही इस ज्ञान के प्रकट होने पर मैं श्रद्धा के अमृत से परिपूर्ण आप के ही स्वरूप भूत अपने ही आत्मा में परमानन्द का अनुभव करने लगता हूँ।

मानस-गोचरम्-एति, यदैव-क्लेश-तनु-ताप-विधात्री
नाथ ! तदैव मम-त्वत्-अभेद, स्तोत्र-परामृत-वृष्टिर्-उदेति ।। 7 ।।

अर्थः शरीर के ताप को उत्पन्न करने वाली कष्ट की दशा को जब मैं मन से महसूस करने लगता हूँ, उसी समय मेरे अन्दर आप के अनुग्रह से प्राप्त अभेद वृष्टि का उदय होता है, जिस के प्रभाव से मैं किसी प्रकार का कष्ट अनुभव नहीं करता हूँ।

शंकर ! सत्यम्-इदं व्रत, दान-स्नान-तपो-भव-ताप-विनाशि
तावक-शास्त्र-परामृत, चिन्ता-सिध्यति चेतसि-निर्वृति-धारा ।। 8 ।।

अर्थः हे शंकर ! यद्यपि व्रत-दान-तप से संसार के दुःखों का नाश होता है, शैवशास्त्र के चिन्तनमात्र से ही मन में अमृत की धारायें प्रवाहित होने लगती हैं।

नृत्यति गायति हृष्यति गाढं, संवित्-इयं मम भैरवनाथ।
त्वां प्रियं आप्य सुदर्शनम्-एकं, दुर्लभम्-अन्यजनैः समयज्ञम् ।। 9 ।।

अर्थः हे मेरे भैरवनाथ ! मेरी दृढ़ संवित् यज्ञादिकों से अप्राप्य आप के अलौकिक दर्शन प्राप्त करके कभी नाचती है कभी गायन करती है कभी हर्ष का अभिनय करती है।

वसु-रस-पौषे कृष्ण-दशम्यां, अभिनव-गुप्तः स्तवम्-इमम्-अकरोत्
येन विभु-भव-मरु-सन्तापं, शमयति झटिति जनस्य दयालुः ।। 10 ।।

भावार्थः भक्तों पर दयालु आध्यात्मिक बलवाले अभिनवगुप्त ने सम्वत् 68 पौषकृष्णदशमी को यह शंकरस्तुति की है जिस के उच्चारण श्रवण मनन से क्षणमात्र में दयालु शंकर संसार रूपी मरुस्थल के दुःखों का नाश करता है। प्रत्यभिज्ञाहृदय, स्पन्द सन्दोह, बोधविलास पराप्रवेशिका आदि शैवशास्त्रों के रचयिता आचार्य क्षेमराज के गुरु, अद्वैतसिद्धान्त के सर्वश्रेष्ठ व्याख्याता "तन्त्रालोक" जैसे महान् शैवग्रन्थ के निर्माता **अभिनवगुप्त** की उपरिलिखित स्तुति संक्षिप्तभावार्थ सहित पाठको को अर्पित है, यह स्तुति विशेषतया हर एक काश्मीरी पण्डित को कण्ठस्थ करनी चाहिये ताकि हमारी आगामी सन्तति अपने आदरणीय पूर्वज काश्मीर के गौरवभूत आचार्य अभिनवगुप्त को भूल न जायें।

शिवसंकल्प (यजुर्वेद से)

यत्-जाग्रतो-दूरम्-उदेति दैवं तदु सुप्तस्य तथैवैति।
दूरं-गमं ज्योतिषां ज्योतिर्-एकं- तन्मे मनः शिव-संकल्पम्-अस्तु ।। 1 ।।

अर्थः जो मन जागते हुये मनुष्य का दूर चला जाता है, और सोते हुये का निकट आ जात है, जो परमात्मा के साक्षात्कार का एकमात्र साधन है, जो ज्ञानेन्द्रियों का प्रकाशक और प्रवर्तक है, मेरा वह मन शिव, (कल्याणकारी) संकल्प वाला हो।

येन कर्मा-ण्यपसो मनीषिणो यज्ञे कृण्वन्ति विदथेषु धीराः।
यत्-अपूर्वं यक्षम्-अन्तः प्रजानां तन्मे मनः शिव संकल्पम्-अस्तु।। 2 ।।

अर्थः कर्मयोगी विद्वान् जिस मन के द्वारा हर एक कर्म को यज्ञ के ढाँचे में डालते हैं, जो इन्द्रियों का अध्यक्ष है, जो समस्त प्रजा के हृदय में निवास करता है, वह मेरा मन शिव संकल्प वाला हो।

यत्-प्रज्ञानम्-उत चेतो धृतिश्च यत्-ज्योतिर्-अन्तर्-अमृतं प्रजासु।
यस्मात्-न ऋते किंचन कर्म क्रियते तन्मे मनः शिवसंकल्पम्-अस्तु।। 3 ।।

अर्थः-जो मन ज्ञान का करण है जो धैर्यरूप है, जो समस्त प्रजा के हृदय में रह कर उन की इन्द्रियों को प्रकाशित करता है, जो मृत्यु होने पर भी अमर रहता है, जिस के बिना कोई भी कर्म किया नहीं जाता है वह मेरा मन शिवसंकल्प वाला हो।

येनेदं भूतं भुवनं भविष्यत् परिगृहीतम्-अमृतेन सर्वम्।
येन यज्ञस्तायते सप्तहोता तन्मे मनः शिव-संकल्पम्-अस्तु।। 4 ।।

जिस अमृतरूप मन के द्वारा भूत-भविष्य वर्तमान की सभी वस्तुयें जानी जाती हैं, जिस के द्वारा सात होता वाला शरीर रूपी यज्ञ सम्पन्न होता है मेरा वह मन शिवसंकल्प वाला हो (सात होता:-पांच ज्ञानेन्द्रिय मन और बुद्धि)

यस्मिन्-ऋचः साम यजूंषि, यस्मिन् प्रतिष्ठिता-रथनाभौ-इवाराः।
यस्मिन्-चितं सर्वम्-ओतं प्रजानां तन्मे मनः शिव-संकल्पम्-अस्तु।। 5 ।।

अर्थः जिस मन में रथचक्र की नाभि में अरियों के समान वेद प्रतिष्ठित है, जिस में सब पदार्थों से सम्बन्ध रखने वाला सम्पूर्ण ज्ञान ओत प्रोत है, मेरा वह मन शिवसंकल्प वाला हो।

सुषा-रथिर्-अश्वान्-इव, यन्मनुष्यान् नेनीयते-अभीशुभिर्-वाजिनःइव।
हृत्प्रतिष्ठं यत्-अजिरं जविष्ठं तन्मे मनः शिव-संकल्पम्-अस्तु।। 6 ।।

अर्थः योग्य सारथि जैसे घोड़ों का संचालन करता है और लगाम के द्वारा घोडों का नियन्त्रण करता है, वैसे ही प्राणियों का संचालन तथा नियन्त्रण करने वाला हृदय में रहने वाला कभी बूढा-न होने वाला, अधिक तेज भागने वाला मेरा मन शिव संकल्प वाला हो।

अष्टादशश्लोकी गीता

यं ब्रह्मा वरुणेन्द्रमरुतः स्तुन्वन्ति दिव्यैः स्तवै-
वेंदैः साँगपद-क्रमोप-निषदै-र्गायन्ति यं सामगाः।
ध्यानावस्थित-तद्‌गतेन मनसा पश्यन्ति यं योगिनो
यस्यान्तं न विदुः सुरा-सुर-गणा देवाय तस्मै नमः।।

अर्थ-जिनका ब्रह्मा, वरुण, इन्द्र, और मरुद्‌गण दिव्य स्तोत्रों द्वारा स्तुति करते हैं, सामवेदके गानेवाले अंग, पद, क्रम और उपनिषदों के सहित वेदो द्वारा जिनका गान करते हैं, योगीजन ध्यान में स्थित तद्‌गत हुए मनसे जिनका दर्शन करते हैं, देवता और असुरगण (कोई भी) जिनके अन्तको नहीं जानते, उन (परमपुरुष नारायण) देव के लिए मेरा नमस्कार है।

निमित्तानि च पश्यामि-विपरीतानि केशव
न च श्रेयो-नुपश्यामि हत्वा स्वजनम्-आहवे।। 1 ।।

अर्थ- अर्जुन भगवान् से कहता है, कि अब मुझे सब लक्षण उल्टे दिखाई देते हैं, ऐसे मुझे प्रतीत नहीं होता है कि अपने सम्बन्धियों को युद्ध में मारकर कुछ कल्याण हो सकेगा।अध्याय 1 श्लोक 31

योगस्थः कुरु कर्माणि संगं त्यक्त्वा धनंजय।

सिद्ध्य-सिद्ध-योः समो भूत्वा समत्वं योग उच्यते।। 2 ।।

अर्थ-फल की आशा छोड़ कर सिद्धि हो या न हो फिर भी अपने मन की वृत्ति समान रखनी चाहिये, इस प्रकार की चित्त की समवृत्ति को योग कहते हैं, इस योग से युक्त होकर मनुष्य अपने सब कर्म करे।

कर्मेन्द्रियाणि संयम्य य आस्ते मनसा स्मरन्।

इद्रियार्थान्-विमूढात्मा मिथ्याचारः स उच्यते।। 3 ।।

अर्थ-जो हठ से कर्मेन्द्रियों को रोकता है परन्तु अन्दर ही अन्दर मन से विषयों का चिन्तन करता है उस मूर्ख को मिथ्याचारी कहते हैं। अध्याय 3 श्लोक 6

श्रद्धावान्-लभते ज्ञानं तत्-परः संयतेन्द्रियः

ज्ञानं लब्ध्वा परां शान्तिम्-अचिरेणाधिगच्छति।। 4 ।।

अर्थ-ईश्वर गुरु और धर्म शास्त्रों में श्रद्धा रखने वाला मनुष्य ज्ञान को प्राप्त करता है और ज्ञान होने

पर उसको शान्ति प्राप्त होती है। अध्याय 4 श्लोक 39

यतेन्द्रिय मनो बुद्धि-र्मुनि-मोक्ष-परायणः

विगतेच्छा-भय क्रोधो-यः सदा मुक्त एव सः।। 5 ।।

अर्थ-जो मनुष्य इन्द्रियों, मन और बुद्धि को वश में रखता है और केवल ब्रह्मशान्ति प्राप्त करने में लगा रहता है वह सदा मुक्त है। अध्याय 5 श्लोक 28

युक्ताहार-विहारस्य युक्त-चेष्टस्य कुर्मसु

युक्त-स्वप्ना-व बोधस्य योगो भवति दुःखहा।। 6 ।।

अर्थ- यथायोग्य आहार विहार करने वाला कर्मों को यथायोग्य ढंग से करने वाला यथायोग्य निद्रा करने और योग्य समय पर उठने वाले साधक का योग दुःख को दूर करने वाला होता है।

अध्याय 6श्लोक 17

दैवी ह्येषा गुणमयी मम माया दुरत्यया,

मामेव ये प्रपद्यन्ते मायाम्-एतां-तरन्ति-ते।। 7 ।।

अर्थ-परमात्मा की सत्वरज तमोगुणमयी माया को पार करना कठिन है जो मुझ ईश्वर को प्राप्त करते

हैं वह इस माया से पार हो जाते हैं। अध्याय 7 श्लोक 14

अग्निर्-ज्योतिर्-अहः शुक्लः षणमासा उत्तरायणम्

तत्र प्रयाता गच्छन्ति ब्रह्म ब्रह्मविदो जनाः।। 8 ।।

अर्थ–उत्तरायण काल के छः मास के शुक्ल पक्ष में दिन के प्रकाश में प्रदीप्त अग्नि के समय जो ब्रह्मज्ञानी इस शरीर को छोड़कर चले जाते हैं वे ब्रह्म को प्राप्त होते हैं। अध्याय 8 श्लेक 24

अपि चेत्-सुदुराचारो भजते माम्-अनन्यभाक्

साधुर्-एव स मन्तव्यः सम्यक्-व्यव-सितोहि-सः।

अर्थ- बड़े से बड़ा दुराचारी यदि अनन्यभाव से मेरा भजन करेगा तो यह समझ लेना चाहिये कि वह साधु हो जायेगा। अध्याय 9 श्लोक 30

यो माम्-अजम्-अनादिम्-च वेत्ति-लोक-महेश्वरम्

असंमूढः स मर्त्येषु सर्वपापैः प्रमुच्यते।।

अर्थ–जो मुझे जन्म रहित, आदि रहित सब लोकों का स्वामी समझता है वह संसार में अज्ञान से छूटकर यानी ज्ञानी बनकर सब पापों से मुक्त होता है। अध्याय 10 श्लोक 3

मत्कर्म कृत्-मत्परमो मत्-भक्तः संघ-वर्जितः
निर्वैरः, सर्व-भूतेषु यः स मामेति पाण्डव।।

अर्थ-हे अर्जुन जो मेरे लिये कर्म करता है, जो मुझे परमश्रेष्ठ मानता है जो भोगों का संग छोड़ता है और सब प्राणियों के विषय में वैर रहित होता है मेरा वही भक्त मुझे प्राप्त करता है।

अध्याय 11 श्लोक 55

श्रेयो हि ज्ञानम्-अभ्यासात्, ज्ञानात्-ध्यानं विशिष्यते,
ध्यानात्-कर्म-पलत्याग, स्त्यागात्-शान्तिर्-अनन्तरम्।।

अर्थ-अभ्यास योग से ज्ञान योग श्रेष्ठ है, ज्ञान योग से ध्यान योग की विशेषता अधिक है, ध्यान योग से कर्मफल का त्याग उत्तम है, कर्मफल का त्याग करने से शीघ्र ही शान्ति मिलती है।

अध्याय 12 श्लोक 12

क्षेत्रज्ञं चापि मां विद्धि सर्व-क्षेत्रेषु भारत
क्षेत्र-क्षेत्र ज्ञयोर्ज्ञानं-तत्-यत्-ज्ञानं मतं मम।।

अर्थ-हे भारत! सब क्षेत्र में रहने वाले मुझे तू क्षेत्रज्ञ समझ जो क्षेत्र और क्षेत्रज्ञ का ज्ञान है वही मेरा ज्ञान है।

अध्याय 13 श्लोक 2

मां च यो -व्यभिचारेण भक्तियोगेन सेवते,
स गुणान्-सम्-अतीत्य-तान्-ब्रह्म्-भूयाय कल्पते।।

अर्थ-जो एक निष्ठ भक्ति भाव से मेरी सेवा करता है वह इन गुणों को लांघ कर ब्रह्म के महत्व को प्राप्त करने योग्य बन जाता है। अध्याय 14 श्लोक 26

निर्मान-मोहा जितसंग-दोषा अध्यात्म-नित्या विनि-वृत्तकामाः
द्वन्द्वै-र्विमुक्ता सुख दुःख संज्ञैर्गच्छन्त्य मूढाःपदम्-अव्ययं-तत्।।

अर्थ-जो अभिमान रहित, मोह रहित, अनासक्त आत्मनिष्ठ भोगवासना रहित, द्वन्द्वभाव से दूर और ज्ञानी है, वह उस अविनाशी परम पद को प्राप्त होते हैं। अध्याय 15 श्लोक 5

यः शास्त्र-विधिम्-उत्सृज्य वर्तते काम-कारतः।
न स सिद्धिम्-अवाप्नोति न सुखं न परां गतिम्।।

अर्थ- जो शास्त्र विधि को त्याग कर मनमाना आचरण करता है उसे न सिद्धि मिलती है न सुख मिलता है और न श्रेष्ठ गति ही प्राप्त होती है। अध्याय 16 श्लोक 23

मनः प्रसादः सौम्यत्वं मौनम्-आत्म-विनिग्रहः।
भाव-संशुद्धिर्-इत्येतत्-तपो मानसम् उच्यते।।

अर्थ- मन को प्रसन्न रखना, शान्ति का अवलम्बन करना, मौन धारण करना, संयम करना और आत्मशुद्धि करना मानसिक तप है। अध्याय 17 श्लोक 16

सर्व-धर्मान् परित्यज्य मामेकं शरणं व्रज।
अहं त्वा सर्व-पापेभ्यो मोक्ष-यिष्यामि मा-शुचः।।

अर्थ-सब धर्मो को छोड़कर मुझ अकेले (ईश्वर) की शरण आये मैं तुम्हें सब पापों से मुक्त करूँगा, तू शोक मत कर। अध्याय 18 श्लोक 66

सप्तश्लोकी गीता

ॐ इत्येकाक्षंर ब्रह्म, व्याहरन्-माम्-अनुस्मरन्
यः प्रयाति त्यजन् देहं, स याति परमां गतिम्।.

अर्थ- योग धारण में स्थित ओंकार रूपी एकाक्षर ब्रह्म का उच्चारण करता हुआ और मेरा (परमेश्वर) का चिन्तन्न करता हुआ जो साधक देह त्यागता है वह निःसनदेह श्रेष्ठगति को प्राप्त होता है।

अध्याय 8 श्लोक 13

स्थाने हृषीकेश तव प्रकीर्त्या। जगत्-प्रहृष्य-त्यनुरज्यते च।।

रक्षांसि भीतानि दिशो द्रवन्ति। सर्वे नमस्यन्ति च सिद्धसंघाः 1. 2।।

अर्थ-हे हृषीकेश यह ठीक ही है आपका कीर्तन करने से जगत् प्रसन्न होता है और उसमें उसकी प्रीति होती है, राक्षस तुम से डर कर दिशाओं में भाग जाते हैं और सभी पुरुषों के समुदाय आपको प्रणाम करते हैं।

अध्याय 11 श्लोक 36

सर्वतः पाणिपादं तत्-सर्वतोक्षि-शिरोमुखम्।

सर्वतः श्रुतिमत्-लोके सर्वम्-आवृत्य-तिष्ठति।। 3 ।।

अर्थ-इस लोक में उसके सर्वत्र हाथ, पांव सब ओर आँख, सिर और मुख और सब ओर कान हैं वह सर्वत्र व्याप कर रह रहा है।

अध्याय 13 श्लोक 13

कविं पुराणम्-अनुशासितारम्। अणोरणीयांसम्-अनु-स्मरेत्-यः।।
सर्वस्य धातारम्-अचिन्त्यरूपम्। आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्।। 4 ।।

अर्थ- जो अन्तकाल में सर्वज्ञ पुरातन नियन्ता अणु से भी सूक्ष्म, सब के धारण कर्ता अचिन्त्य स्वरूप अन्धकार से परे रहने वाले सूर्य के समान तेजस्वी ईश्वर का स्मरण करता है-वह उसी दिव्य परमात्मा को प्राप्त होता है।

अध्याय 8 श्लोक 9

उर्ध्वमूलम्-अधः-शाखम्-अश्व-त्थं प्राहुर्-अव्ययम्।
छन्दांसि-यस्य पर्णानि यस्तं वेद स वेदवित्।। 5 ।।

अर्थ- संसार का वृक्ष अनादि अनन्त चारों ओर फैला है, इसके ज्ञान रूपी पत्ते सबको शीतल छाया देने वाले हैं, शाखायें ऊपर नीचे फैली है, इनमें सत्त्व-रज तम गुणों का रस भरपूर भरा है, शब्द स्पर्श रूप रस गंध विषयों के सुखदायी कोमल अंकुर लगे हैं और इनकी कर्मों से सम्बन्ध जोड़ने वाली जड़े चारों ओर फैली हुई है।

अध्याय 15 श्लोक 1

सर्वस्य चाहं हृदि संनिविष्टो मत्तः स्मृतिर्-ज्ञानम्-अपोहनं च।
वेदैश्च सर्वैर्-अहमेव वेद्यो वेदान्त-कृत्-वेद विदेव-चाहम्।। 6।।

अर्थ– मैं ईश्वर सबके हृदयों में रहता हूँ, मुझसे ही सब को स्मरण, ज्ञान विस्मरण और अज्ञान होता है मैं ही सब वेदों के द्वारा जानने योग्य हूं और मैं ही वेदान्त शास्त्र का निर्माण करने वाला और वेद का ज्ञाता हूं।

अध्याय 15 श्लोक 15

मन्मना–भव–मत्–भक्तो मत्–याजी मां नमस्कुरु।
मामे–वैष्यसि युक्त्वैवम्–आत्मानं मत्–परायणः।। 7 ।।

अर्थ– मुझमें मन लगा, मेरा भक्त बन, मेरे निमित्त भजन कर, मुझे नमस्कार कर, इस तरह मुझमें परायण होकर मेरे साथ आत्मा का योग करने से तू मुझे प्राप्त कर लेगा।

अध्याय 9 श्लोक 34

सप्तश्लोकी दुर्गा

ज्ञानि–नाम्–अपि चेतांसि देवी भगवती हि सा।
बलात्–आकृष्य मोहाय महामाया प्रयच्छति।। 1 ।।

अर्थः भगवती माहमाया देवी ज्ञानियों के भी चित को बलपूर्वक खींच कर मोह में डाल देती है।।1।।

अध्याय 1 श्लोक 55

दुर्गे स्मृता हरसि भीतिम्-अशेष-जन्तोः
स्वस्थैः स्मृता मतिम्-अतीव शुभां ददासि।
दारि-द्र्य-दुःख-भय-हारिणि का त्वत्-अन्या
सर्वोप-कार-करणाय दयार्द्र-चित्ता।। 2 ।।

अर्थः माँ दुर्गे! आप स्मरण करने पर सब प्राणियों का भय हर लेती है, और स्वस्थ पुरुषों द्वारा चिन्तन करने पर उन्हें परम कल्याण रूपी बुद्धि देती है, दुःख दरिद्रता हरनेवाली देवी आप के बिना कौन है जिस का चित्त सब का उपकार करने के लिये सदा ही दयार्द्र रहता है।।2।। अध्याय 4 श्लोक 17

सर्व-मंगल-मंगल्ये शिवे सर्वार्थ-साधिके,
शरण्ये त्र्यम्बके गौरि नारायणि नमोस्तुते।। 3 ।।

अर्थः हे माँ! तुम सब प्रकार का मंगल करने वाली मंगलमयी हो, कल्याण करने वाली शिवा हो, सब पुरुषार्थो को सिद्ध करने वाली, शरणागत-वत्सला, तीन नेत्रों वाली तथा सब की पीड़ा दूर करने वाली, नारायणी देवी, तुम्हें नमस्कार है। अध्याय 11 श्लोक 10

शरणागत-दीनार्त-परित्राण-परायणे

सर्वस्यार्ति-हरे देवि नारायणि नमोस्तु ते।। 4 ।।

अर्थः शरण में आये हुये, दीनों एवं पीड़ितों की रक्षा में लगी रहने वाली, तथा सब की पीड़ा दूर करने वाली, नारायणी देवी तुम्हें नमस्कार है।

अध्याय 11 श्लोक 12

सर्व-स्वरूपे सर्वेशे सर्व-शक्ति-समन्विते,

भयेभ्यस्त्राहि-नो देवि दुर्गे देवि नमोस्तुते।। 5 ।।

अर्थः सर्वरूपा, सर्वेश्वरी तथा सब प्रकार की शक्तियों से सम्पन्न, दिव्यरूपा दुर्गे सब भयों से हमारी रक्षा करो, तुम्हें नमस्कार है।

अध्याय 11 श्लोक 24

रोगान्-अशेषान्-अपहंसि तुष्टा

रुष्टा-तु कामान् सकलान्-अभीष्टान्

त्वाम्-आश्रितानां न विपत्-नराणां

त्वाम्-आश्रिता ह्या श्रयतां प्रयान्ति।। 6 ।।

अर्थः हे देवी ! तुम प्रसन्न होने पर सब रोगों को नष्ट करने वाली, और कुपित होने पर मनोवांछित सभी कामनाओं का नाश कर देती हो। जो लोग तुम्हारी शरण में जा चुके हैं, उन पर विपत्ति आती ही नहीं है, तुम्हारी शरण में गये हुये मनुष्य दूसरों को शरण देने वाले हो जाते है।।6।।

अध्याय 11 श्लोक 29

सर्वा-बाधा-प्रशमनं त्रैलोक्य-स्याखिलेश्वरि
एवम्-एव त्वया कार्यम्-अस्मत्-वैरि-विनाशनम्।। 7 ।।

अर्थः हे सर्वेश्वरि ! जिस प्रकार तुम ने मधुकैटभ का नाश किया तुम उसी प्रकार तीनों लोकों की सभी बाधाओं को शान्त करो और हमारे शत्रुओं का नाश करती रहो। अध्याय 11 श्लोक 29

इति सप्तश्लोकी दुर्गा समाप्ता

* *

भगवान् कृष्ण कहते हैं

जो व्यक्ति श्रद्धा से गीता संवाद (गीता प्रवचन) सिर्फ सुनेगा ही, वह मुक्त होकर, पुण्यात्मा जहां पहुंचते हैं उन शुभलोकों को वह भी पावेगा।

अध्याय 18 श्लोक 71

वन्दे महापुरुष ते चरणारबिन्दम्

ध्येयं सदा परिभवघ्नं-अभीष्टदोहं
तीर्थास्पदं शिव-विरिञ्चि-नुतं शरण्यम्।
भृत्यार्तिहं प्रणतपाल ! भवाब्धिपोतं
वन्दे-महापुरुष ! ते चरणारबिन्दम्।। 1।।

अन्वय-शब्दार्थ

__महापुरुष__ = हे भगवान् कृष्ण, __प्रणतपाल !__ = प्रणाम करने वालों की रक्षा करने वाले, __ते__ = आपके, __चरणारबिन्दं__ = चरण कमल को, __ध्येयं__ = जो ध्यान करने के योग है, __सदा__ = हर समय, __परिभवघ्नं__ = अपमानादि दु:खों का नाश करने वाला, __अभीष्ट दोहं__ = इछित पदार्थों का देने वाला, __तीर्थास्पदं__ = तीर्थों का स्थान, __शिवविरिञ्चिनुतं__ = शंकर और ब्रह्मा जिस को झुकते हैं, __शरण्यं__ = रक्षा करने वाला, __भृत्यार्तिहं__ = दासों अथवा भक्तों के दु:खों का नाश करने वाला, भवाब्धिपोतं= संसार सागर से पार करने वाला जहाज़।।

अर्थ :–हे महापुरुष-हे प्रणतपाल भगवान कृष्ण! मैं आपके उस चरण कमल को प्रणाम करता हूँ, जो चरण कमल ध्यान करने योग्य हैं, जो दु:खों का नाश करने वाला है, जो इच्छित पदार्थों का देने वाला है, जिस में सभी तीर्थ टिके हुये हैं, शंकर और ब्रह्मा जिस को झुकते हैं, जो रक्षा करने वाला हैं, जो भक्तों के दु:खों का नाश करने वाला है, जो भवसागर से पार करने के लिए जहाज़ है।

त्यक्त्वा सुदुस्त्यज-सुरेप्सित-राज्यलक्ष्मीं
धर्मिष्ठ-आर्य-वचसा यत्-अगात्-अरण्यम्।
मायामृगं दयित-येप्सितं-अनुधावत्
वन्दे महापुरुष ! ते चरणारबिन्दम्।। 2।।

धर्मिष्ट *= धर्मात्मा,* ***आर्य*** *= श्रेष्ठ राजा दशरथ के कहने से,* ***सुदुस्त्यज*** *= जिस का त्याग करना बहुत ही कठिन है,* ***सुरेप्सित*** *= देवता जिस को चाहते हैं,* ***ऐसी राज्यलक्ष्मीं*** *= राज्यपाठ को,* ***त्यवत्वा*** *= छोड कर,* ***यत्*** *= जो (चरणकमल)* ***अरण्यं*** *= जंगल को,* ***अगात्*** *= गया,* ***मायामृगं*** *= माया शरीरधारी,* ***मृगं*** *= हिरण को,* ***दयितयेप्सितं*** *= सीता से चाहा हुआ,* ***अनुधावत्*** *= पीछे दौड़ पड़ा।*

अर्थ–धर्मात्मा राजा दशरथ के कहने से (ऐसी राज्य लक्ष्मी) ऐसा राजपाठ जिस का त्याग करना बहुत ही कठिन

है, जिस को देवता चाहते हैं–ऐसे राज्यपाठ को छोडकर (ठुकराकर) जो चरणार-बिन्द जंगल में गया, सीता से चाहे हुये, माया शरीरधारी मृग के पीछे जो चरण कमल दौड पडा, ऐसे ही प्रशंसनीय कार्य रामावतार में जिस चरणकमल ने किया था उसको मैं नमस्कार करता हूँ।

श्रीमत्–सरोरुह–यवाँकुश–चक्रचाप
मत्स्या–ङ्कितं नव–विल्लोहित–पल्लवाभम्
लक्ष्म्यालयं परममंगलं–आत्मरूपं
वन्दे महापुरुष! ते–चरणारबिन्दम्।। 3।।

अन्वय-शब्दार्थ

श्रीमत् = *शोभायमान,* ***सरोरुह*** = *कमल,* ***यव*** = *जव,* ***अंकुश*** = *लोहे की वह छड़ी जिस से हाथी हाँका जाता है (काश्मीरी में टोंग)* ***चक्र*** = *गोलाकार चिह्न,* ***चाप***= *धनुष,* ***मत्स्य*** = *मछली (इन सामुद्रिक चिह्नों से)* ***अंकितं*** = *निशानवाला,* ***नव*** = *नये,* ***विल्लोहित*** = *लाल,* ***पल्लव*** = *बाल पत्र की,* ***आभम्*** = *शोभावाला,* ***लक्ष्म्यालयं*** = *लक्ष्मी का घर,* ***परमंगलं*** = *अधिक मंगलदायक,* ***आत्मरूपं*** = *परमात्मा का ही प्रत्यक्षरूप,* ***ते*** = *आपके,* ***चरणारबिन्दं*** = *चरण कमल को,* ***वन्दे*** = *प्रणाम करता हूँ।*

अर्थ–मैं आप के उस चरण कमल को प्रणाम करता हूँ, जो शोभायुक्त है, जो चरणारबिन्द कमल, जव, अंकुश, चक्र, धनु, मछली इन सामुद्रिक राज योग ाले चिह्नों से युक्त हैं जो लाल बालपत्र की जैसा शोभावाला है जो लक्ष्मी का घर है, जो परम-मंगलदायक है, जो रमात्मा का ही प्रत्यक्षरूप है।

वृन्दावनान्तरं-अगात्-अनुगोकुलानां
संचार्य सर्वपशुभिः स्वविवृद्ध-कामी।
संचिन्तयत्-अगगुरो-मृगपक्षिणां यत्
वन्दे महापुरुष! ते चरणार बिन्दम्।।4।।

अन्वय-शब्दार्थ

स्वविवृद्धकामी = *अपने गोकुल की वृद्धि का इच्छुक (भगवान् कृष्ण)* ***गोकुलानां-अनु*** = *गोकुल के पश्चात्,* ***वृन्दावनान्तरं*** = *वृन्दावन में,* ***अगात्*** = *गया,* ***सर्वपशुभिः*** = *सभी गोकुल के पशुओं के साथ,* ***संचार्य*** = *दौड़धूप करके अथवा (घूमघाम कर)* ***यत्*** = *जिस चरणकमल ने,* ***मृगपक्षिणां*** = *मृगपक्षी गोओं को,* ***अगगुरोः*** = *गोर्वधन पर्वत के नीचे,* ***संचिन्तयत्*** = *एकत्रित किया,* ***ते*** = *आप के,* ***तत् चरणारबिन्दं*** = *उस चरणकमल को* ***वन्दे*** = *मैं नमस्कार करता हूँ।*

अर्थ–जो भगवान् कृष्ण अपने कुल की वृद्धि का इच्छुक था, गोकुल के सभी पशुओं के साथ दोड़धूप करके जो चरण कमल वृन्दावन में गया, जिस चरणारबिन्द ने सभी मृगपक्षी गोओं को गोवर्धन पर्वत के नीचे एकत्रित किया था, हे महापुरुष भगवान् आप के उसी चरणारबिन्द को मैं प्रणाम करता हूँ।

यत्–गोपिका–विरह–जाग्नि परीतदेहाः
तप्तस्तनेषु विजहुः परिरभ्य तापम्।
रासे तदीय कुच–कुँकुम–पङ्कलिप्तं
वन्दे महापुरुष! ते चरणार–बिन्दम्।। 5।।

अन्वय शब्दार्थ

गोपिका = *गोपिकाओं के,* **विरहजा** = *विरह से उत्पन्न हुये,* **अग्निपरीत** = *अग्नि से घेरे हुये,* **देहाः** = शरीरवाली, **तपस्तनेषु** = *जलन से पीडित स्तनों में,* **यत्** = *जिस चरणबिन्द को,* **परिरभ्य** = *स्पर्श करके,* **तापं** = *जलन,* **विजहुः** = *समाप्त हुई* **रासे** = *रास लीला में,* **तदीय** = *उन गोपिकाओं के,* **कुच** = *स्तनों पर जो,* **कुँकुम** = **पङ्कलिप्तं** = *केसर का लेप था उस से लिप्त,* **ते–चरणार–बिन्दम्** = *आप के चरणाकमल को* **वन्दे** = *प्रणाम करता हूँ।।*

अर्थ–रासलीला में गोपिकाओं के स्तनों के केसरलेप से लिप्त जिस चरणारबिन्द को (आलिंगन) स्पर्श करके, विरह

की अग्नि से घेरे हुये गोपिकाओं के जलन से पीडित स्तनों का ताप दूर हुआ था हे महा पुरुष कृष्ण! मैं उस चरणारबिन्द को प्रणाम करता हूँ।।

कालीय-मस्तक-विघटन-दक्षम्-अस्य
मोक्षेप्सुभि-र्विरहदीन-मुखाभिर्-आरात्।
तत्-पत्निभिः स्तुतम्-शेष-निकामरूपं
वन्दे महापुरुष! ते चरणार-बिन्दम्।।6।।

अन्वय शब्दार्थ

कालीय = *कालीनाग के,* ***मस्तक*** = *सिर के,* ***विघटन*** = *नष्ट करने में (फोडने में)* ***दक्षं*** = *निपुण,* ***तत् - पत्निभिः*** = *उस कालीनाग की पत्नियों ने,* ***मोक्षेप्सुभिः*** = *मोक्ष की इच्छावाली,* ***विरह-दीन-मुखाभिः*** = *कालीनाग के विरह से दीन मुखवाली,* ***आरात्*** = *समीप में बैठी हुई,* ***अशेष-निकाम-रूपं*** = *अत्यन्तश्रद्धासे,* ***स्तुतम्*** = *स्तुति किया हुआ,* ***ते*** = *आपके* ***चरणारबिन्दं*** = *चरण कमल को,* ***वन्दैं*** = *नमस्कार करता हूँ।*

अर्थ–पति के विरह से दु:खित, पंति के मुक्ति की इच्छावाली, कालीनाग की स्त्रियों ने, कालीनाग के समीप बैठकर जिस चरणारबिन्द की–अनन्य भक्ति से स्तुति की थी, जो चरणारबिन्द कालीनाग के मस्तक फोडने में (नष्ट करने

में) निपुण था, हे महापुरुष, मैं आप के उस चरणारबिन्द को नमस्कार करता हूँ।

ज्ञानालयं श्रुतिविमृग्यं-अनादिम्-अर्च्यम्
ब्रह्मादिभि र्हृदि-विचन्त्यं-अगाध-बोधैः।
संसार-कूप-पतितो-त्तरणाव-लम्बम्
वन्दे महापुरुष! ते चरणारबिन्दम्।।7।।

अन्वय-शब्दार्थ

ज्ञानालयं = *जो ज्ञान का घर है,* ***श्रुति-विमृग्यं*** = *वेद जिस को ढूँढते हैं,* ***अनादिम्*** = *जिस का आद्य नहीं है,* ***अर्च्यं*** =*जो पूजा के योग्य है,* ***ब्रह्मादिभिः*** = *ब्रह्मादि देवता,* ***हृदि*** = *हृदय में,* ***विचन्त्यम्*** = *जिस का चिन्तन करते हैं,* ***अगाध बोधैः*** = *अधिक ज्ञानी (ज्ञान के भण्डार)* ***संसार कूप*** = *संसार के कुयें में,* ***पतितं*** = *घिरे हुओं को,* ***उत्तरण*** = *पारलेने में,* ***अवलम्बं*** = *सहारा बने हुये।*

अर्थ–जो ज्ञान का घर है, वेद जिस को ढूँढते हैं, जो आद्यन्त रहित है, जो पूजा के योग्य है, जो ज्ञान का भण्डार है। ब्रह्मादि देवता हृदय में जिस का चिन्तन करते हैं, संसाररूपी कुएँ में गिरे हुओं को पार करने में जो सहारा बना है, हे महापुरुष मैं आपके उस चरणारबिन्द को नमस्कार करता हूँ।

येनाङ्क-बालवपुषः स्तनपान-बुद्धेः
त्वत्-अँघ्रिणा-हृतमऽनो विपरीत चक्रम्।
विध्वस्त-भाण्डम्-अपतत् भुवि गोपमूर्तेः
वन्दे महापुरुष! ते चरणारबिन्दम्।।7।।

अन्वय-शब्दार्थ

येन = जिस कृष्ण ने, **अङ्कबालवुपुषः** = गोद में उठाने योग्य छोटे शरीर वाले, **स्तन पानबुद्धेः** = दूध पीने की इच्छा वाले, **त्वत्** = आप के, **अंघ्रिणा** = पावों से, **हृतम्** = लात मारा हुआ, **विध्वस्तभाण्डम्** = तोडे हुये बर्तनों से युक्त, **विपरीतचक्रम्** = उल्टा दिया हुआ, **अनः** = छकडा, **गोपमूर्तेः भुवि** = नन्दगोप के अँगान में, **अपतत्** = जिस चरणारबिन्द से गिरा, उस, **ते** = आपके, **चरणारबिन्दं** = चरण कमल को, **वन्दे** = नमस्कार करता हूँ।

अर्थ–गोद में उठाने योग्य छोटे शरीरवाले, दूध पीने के इच्छुक श्रीकृष्ण के पाँवों से लात मारा हुआ, तोडे हुये दूध के बर्तनों से भरा हुआ उल्टा दिया हुआ छकडा नन्दगोप के आँगन में जिस चरणारबिन्द ने गिराया उस आपके चरण कमल को हे महापुरुष मैं नमस्कार करता हूँ।

इत्यष्टकं पठति यः परमस्य पुंसो
नारायणस्य निरयार्णव-तारणस्य
सर्वाप्तिमाशु-हृदये कुरुते मनुष्यः
संप्राप्य-देहविलयं लभते च मोक्षम्।।8।।

अन्वय-शब्दार्थ

नारायणस्य = *सृष्टि का बनाने वाला तथा लय करने वाला,* ***निरयार्णव*** = *कष्ठों से भरे सागर से-****तारणस्य*** = *पार करने वाले,* ***परमस्य पुंसः*** = *भगवान कृष्ण के,* ***इति*** = *ऐसे ही,* ***अष्टकं*** = *यह आठ श्लोक,* ***यः मनुष्यः*** = *जो मनुष्य,* ***आशु*** = *विना विलम्ब के,* ***हृदये*** = *हृदय में,* ***कुरुते*** = *धारण करता है,* ***सर्वाप्तिम्-संप्राप्य*** = *सभी सुख ऐश्वर्य प्राप्त करके,* ***देह विलयं लभते*** = *आवागवन से मुक्त हो जाता है*

अर्थ–सृष्टि के बनाने तथा लय करने वाले, कष्टों से भरे सागर से पार करने वाले, भगवान कृष्ण के यह आठ श्लोक जो मनुष्य हृदय में धारण करता है, भक्ति से पढता है, वह मनुष्य सभी ऐश्वर्य प्राप्त करके, आवागमन के चक्र से मुक्त हो जाता है।

प्रातः स्मरण मंगलस्तोत्रम्

उत्तिष्ठो-त्तिष्ठ गोविन्द, उत्तिष्ठ गरुड़-ध्वज,
उत्तिष्ठ-कमलाकान्त, त्रैलोक्ये मंगलं कुरु।। 1 ।।

मंगलं भगवान् विष्णु:, मंगलं गरुड-ध्वज:,
मंगलं पुण्डरीकाक्ष: मंगलायतनं हरि:।। 2 ।।

मूकं करोति वाचालं, पंगुं लंघयते गिरिम्
यत् कृपा तम्-अहं वन्दे, परमानन्द-माधवम्।। 3 ।।

नमो ब्रह्मण्य-देवाय, ग्रोब्रह्मण-हिताय च
जगत्-हिताय कृष्णाय, गोविन्दाय नमोनम:।। 4 ।।

कृष्णाय वासुदेवाय, देवकी-नन्दनाय च
नन्द-गोपकुमाराय, गोविन्दाय नमो नमः।। 5 ।।
त्वमेव माता च पिता त्वमेव, त्वमेव बन्धुश्च सखा त्वम्-एव,
त्वमेव विद्या द्रविणं त्वमेव, त्वमेव सर्वं मम देव देव।। 6 ।।

एक-श्लोकी-नवग्रहस्तोत्रम्

ब्रह्मा-मुरारिः-त्रिपुरान्त-कारी, भानुः शशी भूमिसुतो बुधश्च,
गुरुश्च शुक्रःशनि-राहु केतवः कुर्वन्तु सर्वे मम सुप्रभातम्।।

इस एकश्लोकी नवग्रह स्तोत्र के नित्यपाठ से नवग्रहों की शान्ति होती है।

एकश्लोकी रामायण

आदौ राम-तपोवनादि-गमनं, हत्वा मृगं कांचनं
वैदेही-हरणं जटायु-मरणं, सुग्रीव सम्भाषणम्।
वाली निर्दलनं समुद्र तरणं, लंकापुरी-दाहनं
पश्चात् रावण कुम्भकर्ण-हननं, चैतत्-हि-रामायणम्।। 1।।

श्रीरामस्तुतिः

श्रीरामचन्द्रं सततं नमामि

सुग्रीवमित्रं परमं पवित्रं, सीताकलत्रं नवमेघ-गात्रम्।

कारुण्य-पात्रं शतपत्र-नेत्रं, श्रीराम-चन्द्रं सततं नमामि। 1 ।

अर्थः- सुग्रीव के मित्र, परमपावन, सीता के पति नवीन मेघ के समान शरीर वाले। करुणा के सिन्धु, कमल के समान नेत्रवाले श्रीरामचन्द्र की मैं निरन्तर वन्दना करता हूँ।

संसार-सारं निगम-प्रचारं-धर्मावतारं हृतभूमि-भारम्।
सदाविकारं सुखसिन्धु-सारं-श्रीराम-चन्द्रं सततंनमामि।। 2 ।।

अर्थः- असार संसार का सारवस्तु, वेदों का प्रचार करने वाले, धर्म के अवतार, भू-भार हरण करने वाले, सदा विकार रहित, आनन्द सिन्धु के सारभूत, श्रीरामचन्द्र की मैं निरन्तर वन्दना करता हूँ।।

लक्ष्मी-विलासं जगतां निवासं-लंकाविनाशं भुवन-प्रकाशम्।
भू-देव-वासं शरत्-इन्दुहासं-श्रीरामचन्द्रं सततं नमामि।। 3 ।।

अर्थः- लक्ष्मी से विलास करने वाला, जगत् का निवास, लंकानाश करने वाला, भुवनों को प्रकाशित करने वाला, ब्राह्मणों को शरण देने वाला, शरत् चन्द्र हास्यवाला, श्रीरामचन्द्र का मैं निरन्तर नमन करता हूँ।

मन्दार-मालं-वचने रसालं - गुणैर्विशालं हत-सप्त-तालम्
क्रव्याद-कालं सुर-लोकपालं- श्रीरामचन्द्रं सततं नमामि।। 4 ।।

अर्थः-मन्दारपुष्प माला वाले, रसीले वचन बोलने वाले, गुणों में महान्, साततात वृक्ष भेदने वाले, राक्षसों के काल, देवलोक पालक, श्रीरामचन्द्र की मैं निरन्तर वन्दना करता हूँ।।

वेदान्त-गानं सकलैः समानं - हतारि-मानं-त्रिदश-प्रधानम्।
गजेन्द्र-यानं विगतावसानं - श्रीरामचन्द्रं सततं नमामि।। 5 ।।

अर्थः-वेदान्त द्वारा गेय, सबके साथ एक जैसा, शत्रुओं का नाम मर्दन करने वाला, देवताओं में गजेन्द्र सवारी करने वाले, अन्त-रहित-श्रीरामचन्द्र की मैं निरन्तर वन्दना करता हूँ।

श्यामाभि-रामं नयना-भिरामं, गुणाभिरामं, वचनाभिरामम्।
विश्व-प्रणामं कृतभक्तकामं, श्रीरामचन्द्रं सततं नमामि।। 6 ।।

अर्थः- श्याम सुन्दर, नेत्रों को आनन्द देने वाला, गुणों से मनोहर, मधुर वचन बोलने वाले विश्व वन्दनीय, भक्तजनों की कामनायें पूर्ण करने वाले, श्रीरामचन्द्र की मैं निरन्तर वन्दना करता हूँ।

लीलाशरीरं रणरंगधीरं, विश्वैकसारं रघुवंश-हारम्।
गम्भीरनादं जितसर्व-वादं, श्रीरामचन्द्रं सततं नमामि।। 7 ।।

गोचर शास्त्र में बृहस्पति तथा शनि का बहुत महत्व शास्त्रकारों ने रखा है इस कारण गोचर चक्र में इन दोनों की स्थिति अच्छी होनी चाहिए परन्तु सिंह राशि वालों के गोचर चक्र में इन दोनों ग्रहों की स्थिति कोई विशेष न होने के कारण यह वर्ष संघर्ष तथा दौड़धूप में गुज़रेगा लग्न का मंगल आठवां सूर्य, चन्द्रमा, शुक्र तथा शनि विशेषरूप से आपके स्वास्थ्य को प्रभावित करेंगे इस कारण आपको शरीर के विषय में सावधान रहना चाहिए आपका शरीर बनता बिगड़ता रहेगा चोट का भय, बवासीर, इत्यादि से आपका स्वास्थ्य कमज़ोर हो सकता है अतः उपाय के रूप में आप नित्य 'भगवद्गीता' की एक-एक अध्याय पढ़ा करें यदि आप संस्कृत पढ़ नहीं सकते हैं तो नित्य भगवद्गीता का पाठ सुना करें, आप कारोबार करते हैं या नौकरी दोनों सूरतों में आपकी आमदनी प्रभावित होगी, खर्च के नये-नये साधन बनते रहेंगे, दफ्तर का माहोल आपके अनुकूल नहीं रहेगा अफसर लोगों के साथ अनबन जिस कारण आपकी डिपार्टमेन्टल प्रमोशन इत्यादि पर असर पड़ सकता है, विद्यार्थियों को पढ़ाई की ओर प्रवृति कम रहने पर भी आशानुरूप सफलता मिलेगी, यदि आपने ट्रेनिंग इत्यादि के लिए फारम इत्यादि भरना है तो अवश्य भरें, सफलता आपको अवश्य मिलेगी।



सिंह राशि का मासिक फलादेश

अप्रेल :—इस मास के शुभ-अशुभ ग्रहों के मिले-जुले योग से यह मास दौड़धूप तथा संघर्ष में ही गुज़रेगा आपका आरम्भ किया हुआ कोई भी कार्य बिना रुकावट के सिद्ध नहीं होगा जन्म का भौम तथा आठवां सूर्य शरीर के लिए हानिकारक है, आपकी आमदनी भी ज्यों की त्यों रहेगी, घर पर मेहमानों का आना-जाना ज़ोरों पर रहेगा, यदि आपको ज़मीन-जाईदाद के विषय में कोई समस्या है तो वह इस महीने में हल नहीं होगी विद्या सम्बन्धित हर कार्य में सफलता।

मई :—इस मास के आरम्भ पर ग्रहों में कुछ सुधार होने के कारण यह मास गत मास की अपेक्षा सुख और शान्ति के माहोल में गुज़रेगा परन्तु गृहस्थ सम्बन्धित कोई न कोई चिन्ता आपको घेरे रखेगी नौकरी पेशा होने पर अचानक तरक्की का योग विद्यार्थियों के लिए हर प्रकार से सफलता का महीना।

जून :—गोचर चक्र के ग्रहों को देखने से मालूम होता है कि यह महीना हर प्रकार से सुख और शान्ति के माहोल में गुज़रेगा ग्यारवां शुक्र आपको आमदनी में वृद्धि करेगा सभी कार्यों में सफलता गृहस्थ सुख तथा मित्रों द्वारा लाभ तथा सहयोग कारोबारी होने पर आपके कारोबार में अचानक वृद्धि का योग आमदनी में आशानुरूप वृद्धि परन्तु खर्च के ऐसे-ऐसे परोग्राम बनेंगे कि कभी-कभी आप धन की कमी महसूस करेंगे, विद्या सम्बन्धित कार्य में सफलता।

जुलाई :—इस मास के आरम्भ पर वृष राशि का चन्द्रमा ग्यारवां सूर्य का होना शुभफल की ओर इशारा है इस शुभ योग के प्रभाव से यह महीना संघर्ष का होते हुए भी अनन्तः शुभफल का ही सूचक है नौकरी पेशा होने पर आपको डिपार्टमेन्टल प्रमोशन का योग, कारोबारी होनेपर आप अपने काम को ध्यान से देखें कहीं आपकी गफलत से आपको हानि का मुंह देखना न पड़े, विद्यार्थियों के लिए हर प्रकार से शुभ फलदायक।

अगस्त :—इस मास के आरम्भ पर बारवां सूर्य तथा चन्द्रमा आपके शरीर को अवश्य प्रभावित कर सकता है अतः आपको शरीर के विषय में सावधान रहना चाहिए आपका शरीर बनता बिगड़ता रहेगा दैव योग से यदि आप शरीर से स्वस्थ हैं तो घर के किसी सदस्य के शरीर सम्बन्धित कोई परेशानी आप को महीना भर घेरे रखेगी जोकि आपके लिए परेशानी का कारण बनेगी, नौकरी पेशा होने पर दफ्तर का माहोल आपके उलट होते हुए भी किसी प्रकार से हानिकारक सिद्ध नहीं होगा, विद्यार्थियों के लिए परेशानी का ही महीना होगा।

सितम्बर :—गोचर शास्त्र के अनुसार पहला सूर्य, बुध तथा राहु होने से धन नाश, मान-सम्मान में कमी, शरीर अस्वस्थ, प्रत्येक कार्य का विलम्भ से होना, सगे-सम्बन्धियों मित्रों से अनबन तथा मानसिक परेशानी परन्तु ऐसा अशुभ योग होते हुए भी शेष ग्रहों के प्रभाव से किसी प्रकार के भय का कोई योग नहीं है कारोबारी वर्ग को चाहिए कि इस मास के ग्रहों से लाभ उठाएं क्योंकि इस मास के ग्रह आपके कारोबार के अनुकूल हैं आशा से अधिक लाभ का योग, नौकरी पेशा वालों को हर समय चौकस रहना चाहिए ऐसा नहीं कि आप पर झूठा इलज़ाम लग जाये जोकि भविष्य में आप के बदनामी का कारण बने, छटा बृहस्पति विद्या प्राप्ति के लिए विशेष लाभदायक न होने के कारण विद्यार्थियों के लिए संघर्ष का ही महीना।

अक्टूबर :—इस मास के आरम्भ पर सूर्य, चन्द्रमा तथा शनि वेध में होने से अशुभ होते हुए भी शुभ फल कारक ही हैं इस शुभ योग के प्रभाव से यह मास हर प्रकार से शान्ति के माहोल में ही गुज़रेगा आमदनी में विशेष इज़ाफा न होने पर आपकी आर्थिक स्थिति सन्तोषजनक ही रहेगी घर में कोई शुभ काम अथवा महोत्सव मनाने का परोग्राम बनेगा, जिसकी प्रतीक्षा आप बहुत समय से करते आये हैं, विद्यार्थी वर्ग के लिए हर प्रकार से सफलता देने वाला महीना।

नवम्बर :—इस मास के शुभाशुभ ग्रहों पर विचार करने से प्रतीत होता है कि यह मास सुख और शान्ति के माहोल में गुज़रेगा आपके रुके हुए कार्य फिर से हरकत में आएंगी नौकरी पेशा होने पर यदि आपने कोई डिपार्टमेन्टल परीक्षा में शामिल होना है तो अवश्य शामिल हो जाएं सफलता आपको अवश्य मिलेगी, परन्तु व्यापारी वर्ग को चाहिए कि वह ईमानदारी से अपने कार्य में डट जाये नहीं तो लेने के देने पड़ेंगे, विद्या सम्बन्धित कार्यों के लिए विशेष सफलता देने वाला महीना है।

दिसम्बर :—इस वर्ष का आखरी महीना आपके लिए अपनी कुछ यादें छोड़ कर जाएगा चौथा सूर्य, पांचवां चन्द्रमा, भौम तथा बुध होने से मानसिक तथा शारीरिक पीडा, घरेलू परेशानी ज़मीन-जाईदाद सम्बन्धित नये-नये झगड़ों का उत्पन्न होना, धन हानि सन्तान पक्ष से चिन्ता, शत्रुओं का जोर अर्थात् यह महीना हर प्रकार से अशान्ति के वातावरण में ही गुज़रेगा ऐसा अशुभ होते हुए भी आपकी आर्थिक स्थिति में कोई परिवर्तन नहीं होगा, विद्यार्थियों के लिए संघर्ष का महीना।

जनवरी :—नये वर्ष का पहला महीना आपके लिए यद्यपि कोई विशेष लाभ लेकर नहीं आया है परन्तु तो भी गत मास की अपेक्षा यह मास शान्ति के माहोल में ही गुज़रेगा आमदनी तथा खर्च एक जैसा रहेगा नौकरी वालों के लिए कुछ लाभदायक ही रहेगा व्यापारी वर्ग को हाथ पर हाथ रखकर बैठना होगा परन्तु किसी प्रकार की हानि की कोई सम्भावना नहीं है, विद्यार्थियों को चाहिए कि वह मन लगाकर पढ़ाई में जुट जाएं तभी कहीं सफलता की आशा रखें।

फरवरी :—पहला राहु, पांचवां शुक्र छटा सूर्य तथा बुध, वेध में गया हुआ भौम, चन्द्रमा तथा शनि का होना कार्य सिद्धि, सुख प्राप्ति शत्रुओं पर विजय, रोगों का नाश, राज्याधिकारियों से लाभ अन्न, धन की प्राप्ति विद्या अध्ययन की ओर अधिक प्रवृत्ति, सन्तान पक्ष के साथ प्रेम प्यार, यश में वृद्धि पुत्र जन्म का योग, विभागीय परीक्षाओं में सफलता इत्यादि के सूचक हैं इस शुभ योग के प्रभाव से यह महीना सुख और शान्ति के माहोल में गुज़रेगा, विद्यार्थियों के लिए आशा से अधिक सफलता देने वाला महीना।

मार्च :—सातवें भाव का सूर्य, बुध, बृहस्पति तथा आठवां भौम शनि आपके शरीर को अवश्य प्रभावित करेंगे आपको शरीर के विषय में सावधान रहना पड़ेगा चोट का भय यदि आप वाहन चलाते हैं तो वाहन चलाने से पूर्व तीन बार गायत्री मन्त्र का उच्चारण किया करें यदि आप किसी नशीली वस्तु का सेवन करते हैं तो उससे दूर रहने की कोशिश करें तब ही कहीं क्रूर ग्रहों के प्रभाव से बच सकते हैं ऐसा न करने से आपको अवश्य पछताना पड़ेगा, विद्यार्थियों के लिए सफलता का महीना उनको चाहिए कि पढ़ाई आरम्भ करने से पहले जन्थरी में लिखी हुई सरस्वती वन्दना का पाठ एक बार अवश्य करें तो आशा से अधिक सफलता मिलेगी।

कन्या राशि का वर्षफल (VIRGU)

टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो

वर्ष के आरम्भ पर पहला राहु, पांचवां, बृहस्पति, सातवां चन्द्रमा तथा वेध में गया हुआ सूर्य आपकी आर्थिक स्थिति को विशेष प्रभावित करेगा, आप की आर्थिक स्थिति में आशा से अधिक सुधार होने की सम्भावना पांचवां बृहस्पति सुख और आनन्द का सूचक है हर कार्य में सफलता का योग, नौकरी पेशा वालों को पदोन्नति की सम्भावना यदि ऐसा होगा भी नहीं तो भी इस प्रकार के कागज हरकत में आएंगे कारोबारी लोगों को कारोबार में आशा से अधिक लाभ होने की सम्भावना यदि आप अपने कारोबार को और बढ़ावा देना चाहते हैं तो समय ज़ाया मत कीजिए अपने काम को आगे बढ़ाएं, घर पर किसी मांगलिक उत्सव बनाने का परोग्राम बनेगा, घर में किसी नवजात शिशु के आगमन का योग जिसकी प्रतीक्षा में आप बहुत समय से थे, यदि आप शेयर इत्यादि का कारोबार करते हैं तो उसमें आशा से अधिक लाभ की सम्भावना, बारवां मंगल तथा सातवां शनि आपके शरीर को अवश्य प्रभावित कर सकता है अचानक शरीर बिगड़ने का योग, चोट का भय रक्त विकार का योग शरीर को स्वस्थ रखने के लिए आप नियम से भगवान् शंकर पर दूधवाला जल चढ़ाया करें तथा जल चढ़ाते समय इस मन्त्र का उच्चारण अवश्य किया करें :–



ॐ त्र्यम्बकं यजामहे सुगन्धिं पुष्टि-वर्धनम्।
उर्वा-रुकम्-इव बन्धनात्-मृत्यो-मुक्षीय मामृतात्।

पांचवां बृहस्पति विद्यार्थियों के लिए हर प्रकार से सफलता देने वाला है यदि आप उच्च विद्या प्राप्ति के लिए विदेश जाना चाहते हैं तो थोड़ा-सा प्रयत्न कीजिए अवश्य सफलता होगी।

कन्या राशि का मासिक फलादेश

अप्रेल :—मास के आरम्भ पर पांचवां बृहस्पति आठवां बुध आपको हर काम में सफलता देने वाले तथा शुभ फल के सूचक हैं इनके प्रभाव से आर्थिक तथा सामाजिक स्थिति में सुधार तथा सन्तान पक्ष की ओर से मानसिक शान्ति, परन्तु शारीरिक स्थिति के कारण आपके काम में अडचन आने का योग इस कारण आप शरीर के बारे में सावधान रहें, विद्यार्थियों के लिए हर प्रकार से सफलता का योग यदि आपको ट्रेनिंग इत्यादि पर जाने का कोई परोग्राम है तो इसकी ओर ज्यादा ध्यान दीजिए सफलता मिलने का योग है।

मई :—वेध में गया हुआ अशुभ ग्रह भी शुभफल देता है इस मास के आरम्भ पर सूर्य तथा शनि वेध में होने से तथा शेष सभी ग्रहों का शुभ होना शुभफल का ही सूचक है इस शुभ योग के प्रभाव से आपका प्रत्येक कार्य बिना किसी रुकावट के हल होगा यदि आप ज़मीन-जायदाद सम्बन्धित किसी समस्या से चिन्तित है तो उसका समाधान इस महीने में निकलने की सम्भावना है शारीरिक स्थिति ज्यों की त्यों रहेगी, विद्या सम्बन्धित हर कार्य के लिए शुभफलदायक।

जून :—इस मास के आरम्भ पर अशुभ ग्रहों का पलडा भारी होने से यह मास संघर्षमय ही रहेगा बिना कारण चिन्ता, धन हानि, आमदनी में कमी, अशान्ति, राज्याधिकारियों से अपमान का भय, हर प्रकार से असफलता का वातावरण जैसा बना रहेगा

जो कि अन्ततः आपके लिए परेशानीदायक ही सिद्ध होगा इस परेशानी से निकलने का एक ही उपाय है कि आप घर के किसी वृद्ध पुरुष से आशीर्वाद प्राप्त करने की कोशिश करें आशीर्वाद आप तभी प्राप्त कर सकेंगे जब आप निष्काम भाव से रात-दिन उनकी सेवा में जुट जाओगे, विद्यार्थियों के लिए सफलता का महीना।

जुलाई :—इस मास के आरम्भ पर बृहस्पति, सूर्य, बुध तथा शुक्र अच्छी स्थिति में होने के कारण आपकी आर्थिक तथा सामाजिक स्थिति में विशेष सुधार होगा नौकरी पेशा वालों के लिए यह महीना आर्थिक दृष्टि से लाभदायक ही रहेगा परन्तु कारोबारी वर्ग को चाहिए कि वह सावधानी से अपने कार्य में जुट जाये नहीं तो हानि का योग बनता है शत्रु पक्ष आपको नुकसान भी पहुंचा सकता है जन्म का मंगल आपके शरीर को प्रभावित कर सकता है, हर मंगलवार को गाय माता को गुड खिलाया करें, विद्यार्थियों के लिए सफलता का महीना।

अगस्त :—दसवां सूर्य तथा चन्द्रमा होने से राज्याधिकारियों से मित्रता, धन प्राप्ति, प्रत्येक कार्य में सफलता, नौकरी पेशा होने पर पदोन्नति का योग पांचवां बृहस्पति पुत्र सुख का सूचक है ऐसा गोचर शास्त्रों में दर्ज है परन्तु गोचर चक्र के शुभ अशुभ ग्रहों को ध्यान में रखने से विदित होता है यह मास सफलता से परिपूर्ण होते हुए भी संघर्षमय ही होगा, खर्च के नये-नये प्लान बनते रहेंगे जिनमें धन फजूल खर्च होगा, विद्यार्थियों के लिए सफलता का ही महीना है।

सितम्बर :—महीने के आरम्भ पर बारवां सूर्य, बुध तथा राहु दूसरा भौम, सातवां शनि अच्छी स्थिति में न होने के कारण आपकी आर्थिक स्थिति को प्रभावित करने का कारण बनेगी जिस के फलस्वरूप सभी कर्यों में अड़चन आने की सम्भावना बने-बनाये काम बिगड़ने का योग, बृहस्पति, शुक्र तथा चन्द्रमा की स्थिति अच्छी होने पर भी यह महीना परेशानी का ही महीना होगा इस मास में किसी भी समस्या का समाधान देखने में नहीं आएगा अपितु नई-नई समस्याएं पैदा हो जाएगी वैसे तो विद्यार्थियों के लिए सफलता का महीना है।

अक्टूबर :—पांचवां बृहस्पति, पहला चन्द्रमा तीसरा भौम और शुक्र इस मास के आरम्भ पर आपके हक में हैं इनके फल

स्वरूप यह महीना कदरे शान्ति के वातावरण में ही गुज़रेगा धन कां फजूल खर्च तथा घर पर मेहमानों का आना-जाना ज़ोरों पर रहेगा पहला सूर्य तथा बारवां राहु आपके शरीर बिगड़ने के कारण बनेंगे, विद्यार्थियों के लिए सफलता का महीना।

नवम्बर :—मास के आरम्भ पर पांच ग्रहों का शुभ होना शुभफल का ही सूचक है इस शुभ योग के प्रभाव से धन प्राप्ति, स्वस्थ शरीर, बन्धुजनों से मेल-मिलाप, देर से लटकी कोई मनोकामना पूर्ण होगी यदि आप ज़मीन, मकान अथवा वाहन इत्यादि खरीदना चाहते हैं तो इस प्रकार की समस्या का कोई न कोई हल निकल आएगा, जनता से प्रेम तथा सम्पर्क का योग, विद्या सम्बन्धित कार्यों में सफलता।

दिसम्बर :—वेधाष्टक-वर्ग इत्यादि सिद्धान्तों के आधार से यह मास दौड़धूप तथा संघर्ष के वातावरण में ही गुज़रेगा यद्यपि लाभ की दृष्टि से यह मास अच्छा ही रहेगा परन्तु आप किसी ऐसी उलझन में फस जाओगे जिससे बच निकलना आपके लिए कठिन होगा उपाय के रूप में आप रोज़ प्रातः 'बहुरूपगर्भ' का पाठ किया करें, तभी आप इस उलझन से बच सकते हैं विद्यार्थी वर्ग के लिए पांचवां बृहस्पति शुभफल का ही सूचक है परन्तु ऐसा होने पर भी कटिबद्ध होकर पढ़ाई में लग जाने की ज़रूरत है तभी सफलता की आशा रखें।

जनवरी :—इस मास के आरम्भ पर केवल बृहस्पति, शुक्र तथा चन्द्रमा अच्छी स्थिति में हैं जिस कारण धन लाभ, यश और आनन्द की प्राप्ति गृहस्थ सुख, सन्तान पक्ष से लाभ, पुत्र जन्म का योग आमोद प्रमोद की ओर अधिक रुचि परन्तु ऐसा होते हुए भी आमदनी में कोई विशेष वृद्धि नहीं होगी खर्च के नये-नये ज़रिये बनेंगे चौथा सूर्य होने के कारण आपकी शारीरिक स्थिति डांवाडोल ही रहेगी, विद्यार्थियों के लिए सफलता का महीना।

फरवरी :—इस मास के आरम्भ पर बृहस्पति, शनि की स्थिति अच्छी न होने कारण यह मास दौड़धूप तथा परेशानी के ही माहोल में गुज़रेगा क्योंकि गोचर शास्त्रों में शनि तथा बृहस्पति का बहुत महत्व है विशेष रूप से यह आपकी आर्थिक, सामाजिक वातावरण को प्रभावित कर सकते हैं जोकि आपके लिए परेशानी का कारण बनेगा इस मास में बृहस्पति कुम्भ

राशि में जाकर छटे भाव मे ठहरा है जिसका विशेष प्रभाव विद्यार्थी वर्ग पर होगा, पढ़ाई की ओर प्रवृति न होने के कारण असफलता का मुंह देखना पड़ेगा।

मार्च :—चार ग्रहों का वेध में होना तथा दो ग्रहों का शुभ होना सूख का सूचक है लाभ की दृष्टि से यह महीना साधारण हीं है परन्तु आपका प्रत्येक कार्य बिना किसी रुकावट के सिद्ध होगा गृहस्थी होने पर यदि किसी प्रकार की कोई समस्या है उसका समाधान अवश्य निकल आएगा यदि आप बच्चे की नौकरी अथवा विवाह के सम्बन्ध में चिन्तित हैं तो थोड़ा-सा परिश्रम करने से आपका वह कार्य हल हो सकता है, विद्यार्थियों के लिए परेशानी का ही महीना है।

तुला राशि का वर्षफल (LIBRA)

र, री, रु, रे, रो, ता, ति, तु, ते

वेधाष्टक वर्ग, दृष्टि गोचर सिद्धान्तों के आधार से छटा सूर्य, चन्द्रमा, बुध, शनि, वेध में गया हुआ शुक्र ग्यारवां भौम वेध में गया हुआ राहु के कारण कार्य सिद्धि सुख प्राप्ति शत्रुओं पर विजय रोगों का नाश, राज्याधिकारियों से लाभ यश और आनन्द की प्राप्ति, गृहस्थ सुख, खर्च में अधिकता, धन-धान्य की प्राप्ति आमदनी में आशा से अधिक वृद्धि, भ्रातृ वर्ग की ओर से लाभ विद्याध्ययन की ओर अधिक प्रवृत्ति भूमि मकान आदि से लाभ की प्राप्ति, गोचर चक्र में बृहस्पति की स्थिति अच्छी न होना मनहूस योग ही माना जाता है क्योंकि गोचर सिद्धान्तों में बृहस्पति को बहुत महत्व है इस कारण चौथा बृहस्पति अपने प्रभाव डाले बिना नहीं रह सकता है यह आपकी आर्थिक तथा सामाजिक स्थिति पर विशेष प्रभाव डालेगा आप उपाय



के रूप में हर बृहस्पति वार को गाय माता को आटे का एक पिण्ड खिलाया करें तब कहीं आप इस मनहूस योग से बच सकते हैं यदि आप नौकरी करते हैं और नौकरी छोड़कर व्यापार करने का पलान बनारहे हैं तो उसको अवश्य अमली रूप दीजिए परन्तु नौकरी को अभी अपने हाथ में रखें यदि आप को विभागीय परीक्षा में सम्मिलित होना है तो इस चान्स को हाथ से मत जाने दो सफलता आपको अवश्य मिलेगी विद्या सम्बन्धित प्रत्येक कार्य में सफलता यदि आप किसी कारणवश पिछली परीक्षा में रह गये हैं तो समय ज़ाया मत कीजिए गृहों से लाभ उठाएं गृह आपके अनुकूल हैं यदि आप विद्या प्राप्ति के लिए विदेश जाना चाहते हैं तो ऐसा योग इस वर्ष में नहीं बनता है।

तुला राशि का मासिक फलादेश

अप्रेल :—ग्रहों की स्थिति को देखने से मालूम होता है कि यह मास हर प्रकार से शान्ति के माहोल में ही गुज़रेगा यद्यपि यह मास आर्थिक दृष्टि से कमज़ोर ही है परन्तु आदरमान, प्रतिष्ठा तथा सामाजिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है, राज्याधिकारियों से मेल-मिलाप का अवसर मिलेगा घर में कोई मांगलिक महोत्सव मनाने का परोग्राम, विद्यार्थियों के लिए सफलता का महीना।

मई :—मास के आरम्भ पर केवल दो ग्रहों भौम तथा शनि के शुभ होने से कोई विशेष लाभदायक महीना नहीं होगा पूरा महीना संघर्ष तथा अशान्ति के वातावरण से भरा पड़ा होगा, जो भी कार्य आप करते हैं अचानक अड़चन आने का योग, कोई नया काम करने की ओर प्रवृति भी नहीं रहेगी, गृहस्थ की ओर से भी कोई विशेष शान्ति का कोई योग नहीं है विद्यार्थियों के लिए भी अशान्ति का ही महीना होगा।

जून :—इस मास के शुभाशुभ ग्रहों को देखते हुए यह मास गत मास की अपेक्षा कुछ शान्तिदायक ही होगा आपका प्रत्येक कार्य सामान्य रूप से चलता रहेगा आप नौकरी करते हैं या व्यापार दोनों सूरतों में आप लाभ में ही रहेंगे यदि आप ज़मीन, मकान इत्यादि के विषय में कुछ सोच रहे हैं तो आपकी यह समस्या भी कुछ हद तक पूर्ण होगी, विद्यार्थियों को चाहिए कि डटकर पढ़ाई में लग जाएं तब कहीं सफलता की आशा रखें।

जुलाई :—शनि के बगैर प्रत्येक ग्रह अशुभ स्थिति में होने से यह महीना कोई विशेष शान्ति देने वाला नहीं है आठ ग्रहों का अशुभ होना एक प्रकार का मनहूस योग ही है परन्तु शनि ही एक ऐसा ग्रह है जोकि इस मनहूस योग को शान्त करने में समर्थ है इस कारण इस मिलेजुले योग से यह मास संघर्ष का होते हुए भी किसी विशेष हानि का द्योतक नहीं है, विद्या सम्बन्धित कार्यों के लिए सफलता देने वाला है।

अगस्त :—इस मास के आरम्भ पर शुभ ग्रहों का पलड़ा भारी होने के कारण यह मास हर प्रकार से शान्ति के माहोल में ही गुज़रेगा आपका पत्येक कार्य बिना रुकावट के हल होगा गृहस्थी होने पर स्त्री पक्ष से मानसिक शान्ति, घर पर कोई महोत्सव रचाने का परोग्राम बनेगा, यदि आपको किसी बच्चे अथवा लड़की के विवाह का परोग्राम है हो सकता है उस परोग्राम को इस मास में अमली रूप मिले, विद्यार्थियों के लिए लाभका ही महीना है।

सितम्बर :—ग्यारवां सूर्य, बुध तथा शुक्र होने से हर प्रकार से लाभ, धन प्राप्ति, प्रत्येक कार्य में सफलता पदोन्नति का अवसर, कारोबार में वृद्धि, मांनसिक सुख और शान्ति, मान प्रतिष्ठा का योग परोपकार करने की प्रवृति छटा शनि होने से धन, अन्न और सुख में वृद्धि, शत्रुओं पर विजय, भूमि, मकान आदि से लाभ की प्राप्ति ऐसा शुभ योग होते हुए भी पहला भौम आपके शरीर को प्रभावित करेगा अतः आप शरीर के विषय में सावधान रहें चीर-फाड का योग भी बन सकता है, विद्यार्थियों के लिए सफलता देने वाला महीना।

अक्टूबर :—इस मास के आरम्भ पर केवल दो ग्रहों शनि तथा शुक्र का शुभ होना कोई विशेष शान्ति देने वाला महीना नहीं

होगा बारवां सूर्य, चन्द्रमा, बुध आपके शरीर को बिगाड़ने में सहायक होगा जोकि परेशानी का कारण बनेगा, यदि आप कारोबार करते हें तो हानि होने की सम्भावना नौकरी पेशा होने पर क्रिसी झूठे इलज़ाम में फसने का योग, क्रूर प्रभाव को शान्त करने के लिए आप नित्य गीता जी की एक-एक अध्याय पढ़ा करें।

नवम्बर :—इस मास में तीन ग्रहों के वेध में होने से शुभ और अशुभ ग्रहों का पलडा एक जैसा हुआ है जिस कारण यह मास सामान्य रूप से गुज़रेगा आप जो भी काम करते हैं आपका काम यथावत चलता रहेगा आपकी आमदनी में किसी प्रकार की कमी नहीं आएगी अपितु खर्च के साधन बढ़ेंगे घर के किसी वृद्ध पुरुष के शरीर सम्बन्धित समस्या से आपको थोड़ी बहुत परेशानी रहेगी, विद्यार्थियों के लिए अग्नि परीक्षा का महीना।

दिसम्बर :—इस वर्ष का आखरी महीना संघर्षमय होते हुए भी आर्थिक दृष्टि से ठीक ही है यदि कहीं आपका पैसा रुका हुआ है तो वह पैसा इस महीने में आपको अवश्य मिलेगा कारोबारी होने पर आशा से अधिक लाभ का योग, नौकरी पेशा होने पर अपने अफसर लोगों के साथ मेल-मिलाप, डिपार्टमेन्टल प्रमोशन का योग, विद्या सम्बन्धित हर कार्य में सफलता।

जनवरी :—नये वर्ष का पहला महीना चमत्कारिक न होते हुए भी हर प्रकार से लाभदायक ही रहेगा आपका प्रत्येक काम बिना रुकावट के हल होगा आपकी कोई मनोकामना इस महीने में अवश्य पूर्ण होगी जोकि बहुत देर से आपके मन में टिकी हुई है चौथा शुक्र वैभव विलास वाहन इत्यादि का सूचक माना जाता है इस कारण अवश्य ही कुछ न कुछ लाभ होगा, नौकरी पेशा होने पर स्थान परिवर्तन का योग जो आपके लिए लाभदायक ही रहेगा।

फरवरी :—पांच ग्रहों का शुभ होना तथा तीन ग्रहों का वेध में होना शुभ योग का ही सूचक है इस मिले-जुले योग के प्रभाव से यह मास दरबार की दृष्टि से उत्तम रहेगा अफसर लोगों की कृपादृष्टि आप पर हर समय रहने का योग, कारोबारी होने पर धन की प्राप्ति, ज़मीन-जाईदाद में वृद्धि, अच्छे पुरुषों के साथ मिलने का अवसर गृहस्थ सुख का योग, विद्यार्थियों के लिए यह मास शुभ सन्देश लेकर आया है विद्यार्थियों को यदि इस मास में परीक्षा देनी है तो आशा से अधिक सफलता का योग।

मार्च :—पाचवां बृहस्पति छठः शनि और भौम सातवां चन्द्रमा, चौथा शुक्र तथा वेध में गया हुआ सूर्य और बुध के कारण यह मास हर प्रकार से शान्ति के वातावरण में गुज़रेगा, आपकी आर्थिक तथा सामाजिक स्थिति में उतार-चढ़ाव आने पर भी आपकी आमदनी में वृद्धि-ही होगी, आप की शारीरिक स्थिति भी ठीक ही रहेगी, नौकरी पेशा होने पर दफ्तर का माहोल आपके अनुकूल रहेगा दफ्तर में आदर मान व प्रतिष्ठा का योग, विद्या सम्बन्धित कार्यों में आशा से अधिक सफलता।

वृश्चिक राशि का वर्षफल (SCORPIO)

तो, न, नु, ने, नी, यो, या, यी, यु



गोचर सिद्धान्तों के आधार से पांचवां सूर्य होने से शारीरिक तथा मानसिक शक्ति में कमी, धन हानि, राज्याधिकारियों से वाद-विवाद, यात्रा में विघ्न, पांचवां चन्द्रमा होने से अशान्ति दुर्घटना की सम्भावना, दसवां भौम होने से तामसिक पदार्थों की ओर रुचि प्रायः घर से बाहर रहने का योग; पांचवां बुध तथा शनि होने से मानसिक चिन्ता, केवल योजनाएं बनाने में ही समय व्यतीत होगा आर्थिक क्षेत्र में परेशानी, योजनाओं को अमली रूप देने में रुकावट, धन तथा सुख में कमी, सन्तान पक्ष से मानसिक अशान्ति, व्यापार में मन्दा इत्यादि तीसरा बृहस्पति होने से शारीरिक पीड़ा, कुटुम्ब के साथ अनबन, रोजगार में ढ़ीलापन नौकरी छूट जाने की सम्भावना, धन हानि इत्यादि का योग इस मिले-जुले शुभाशुभ योग

के प्रभाव से वृश्चिक राशि वालों को चाहिए कि वह कोई भी कार्य बिना सोचे-समझे हाथ में न लें, नौकरी पेशा होने पर दफ्तर का माहोल आपके उलट होते हुए भी आप को हानि पहुंचाने में असमर्थ रहेगा, कारोबारी वर्ग को भी हाथ पर हाथ धरकर बैठने का योग, कारोबारी वर्ग का समय नए-नए प्लान बनाने में ही व्यतीत होगा किसी भी प्लान को वह अमली रूप नहीं दे सकेंगा उनकी आर्थिक स्थिति बुरी तरह से प्रभावित होगी जो उनके लिए परेशानी का कारण बनेगी, विद्यार्थी वर्ग के लिए भी कोई सन्तोषजनक सफलता देने वाला वर्ष नहीं है उपाय के रूप नित्य नियमपूर्वक भगवान् शंकर पर दूध वाला पानी डाला करें तथा किसी नशीली वस्तु का प्रयोग न करें।

वृश्चिक राशि का मासिक फलादेश

अप्रेल :—केवल दो ग्रहों चन्द्रमा तथा बुध का शुभ होना महीना भर संघर्ष की ओर इशारा है संघर्षमय होते हुए भी कोई विशेष परेशानी का महीना नहीं है आपकी आमदनी में इज़ाफा न होते हुए भी दूसरे से मांगने की नौबत नहीं आएगी नौकरी पेशा वालों को दफ्तर की ओर से परेशानी का योग, विद्यार्थियों के लिए कोई विशेष सफलता देने वाला माह नहीं है।

मई :—इस मास के ग्रहों पर विचार करने से मालूम होता है कि शरीर की स्थिति ढांवा-ढोल ही रहेगी आपकी आर्थिक स्थिति में थोड़ा बहुत इज़ाफा होते हुए भी किसी विशेष लाभ का कोई योग नहीं है छटा सूर्य तथा बुध होने से कार्य सिद्धि, सुख प्राप्ति, शत्रुओं पर विजय, राज्याधिकारियों से लाभ, विद्यार्थियों के लिए भी सफलता देने वाला महीना।

जून :—मास के आरम्भ पर शुभ और अशुभ ग्रहों की स्थिति को देखते हुए यह मास शान्ति के ही माहोल में गुज़रेगा गोचर चक्र में शनि तथा बृहस्पति की स्थिति अच्छी न होते हुए भी शेष ग्रहों के आधार से आप जो कोई भी काम करते हैं उस में सफलता होगी, गृहस्थी होने पर यदि आपको सन्तान पक्ष से कोई चिन्ता है विश्वास रखें वह चिन्ता अवश्य दूर हो जाएगी

यदि आप नियम से घर के किसी वृद्ध पुरुष से आशीर्वाद प्राप्त कर सकेंगे, विद्या सम्बन्धित हर कार्य में सफलता।

जुलाई :—ग्यारवां भौंम नवां शुक्र आठवां बुध होने पर हर प्रकार से विजय, आरोग्य, धन धान्य की प्राप्ति, आमदनी में आशातीत वृद्धि, पुत्र सुख, धन लाभ हर कार्य में सफलता, आर्थिक तथा सामाजिक स्थिति में सुधार, सुखों में वृद्धि, धन प्राप्ति, विलासों में वृद्धि, विद्या में हर प्रकार से सफलता यदि आप ट्रेनिंग इत्यादि के लिए परोग्राम बना रहे तो उसमें अवश्य सफलता मिलेगी।

अगस्त :—नवां सूर्य और चन्द्रमा होने से बिना कारण धन हानि, आमदनी में कमी, अपमान का भय, हर काम में अडचन, दफ्तर की ओर से परेशानी, कारोबार में हानि, पुत्रों से मतभेद, शारीरिक कष्ट बारवां भौम होने से धन का फजूल खर्च, घर से बाहर रहने का योग, भाइयों से अनबन, मान-हानि, स्त्री को कष्ट, विद्यार्थी वर्ग के लिए अशान्ति का ही महीना है।

सितम्बर :—इस मास के आरम्भ पर सूर्य, बुध, राहु तथा शुक्र की स्थिति अच्छी होने से राज्याधिकारियों से मेल-मिलाप का अवसर, धन प्राप्ति, प्रत्येक कार्य में सफलता, पदोन्नति का अवसर, कारोबार में वृद्धि, मानसिक सुख और शान्ति, मान-प्रतिष्ठा का योग, परोपकार करने की प्रवृति परन्तु ऐसा शुभ योग होते हुए भी बारवां मंगल आपके शरीर को प्रभावित करेगा, विद्यार्थी वर्ग को चाहिए कि डट कर पढ़ाई में लग जाएं तो ही सफलता की आशा रखें।

अक्टूबर :—पहले भाव का मंगल शरीर तथा आपकी नौकरी को प्रभावित करेगा, रक्त विकार अथवा चोट का भय, दफ्तर में अपने अफसर लोगों के साथ अनबन जोकि आपके लिए परेशानी भी बनेगी परन्तु शेष ग्रहों की स्थिति को देखते हुए किसी विशेष परेशानी का योग नहीं बनता है पहला शुक्र ग्यारवां सूर्य, चन्द्रमा, बुध होने से सुख और धन की प्राप्ति, शत्रु नाश, विवाह और सन्तान जन्म का योग, विद्या में आशा से अधिक सफलता।

नवम्बर :—मास के आरम्भ पर केवल तीन ग्रहों का आपके हक में होना कोई चमत्कारिक योग नहीं है विशेषतया शनि तथा बृहस्पति की स्थिति अच्छी न होने के कारण यह महीना दौड़धूप में गुज़रेगा कोई भी कार्य हल नहीं होगा आपका प्रत्येक

कार्य ज्यों का त्यों ही लटकता रहेगा चाहे वह घर का हो अथवा दफ्तर का, कारोबारी वर्ग भी कोई विशेष लाभ में नहीं रहेगा विद्यार्थियों की प्रवृति भी पढ़ाई की ओर कम रहेगी।

दिसम्बर :—इस मास के आरम्भ पर कोई भी ग्रह आपके अनुकूल नहीं है इस कारण यह मास पूरे संघर्ष तथा अशान्ति के वातावरण में ही गुज़रेगा आपका कोई भी कार्य बिना उलझन से हल नहीं होगा, आपकी शारीरिक स्थिति भी डांवा-डोल ही रहेगी, यदि किसी प्रकार के महोत्सव मनाने का परोग्राम बनेगा भी परन्तु उसको अगले मास में ही अमली रूप मिलेगा।

जनवरी :—नये मास का पहला महीना आपके लिए कोई विशेष समाचार लेकर नहीं आया है क्योंकि ग्रहों की स्थिति ही इस प्रकार की है कि यह महीना भी गत मास की भांति दौड़धूप के माहोल में ही गुज़ारना है आप जो कोई भी काम करते हैं बिना रुकावट के चलेगा नहीं, आपकी शारीरिक स्थिति भी ज्यों की त्यों रहेगी, गृहस्थी होने पर स्त्री के शरीर की चिन्ता महीना भर आपको घेरे रखेगी, विद्या प्राप्ति के लिए भी कोई सफलता देने वाला मास नहीं है।

फरवरी :—तीसरा सूर्य तथा बुध होने से रोगों से मुक्ति, सुख, स्वस्थ शरीर, सज्जनों एवं उच्च राज्याधिकारियों से मेल-मिलाप, पुत्रों तथा मित्रों से धन लाभ, मान प्रतिष्ठा का योग साहस की कमी, बन्धु जनों से अनबन, दूसरा शुक्र होने से धन प्राप्ति, स्त्री सुख, सन्तान प्राप्ति का मौका, प्रतिष्ठा का योग इत्यादि ऐसा शुभ योग होते हुए भी आपको हर समय सावधान रहने की आवश्यकता है क्योंकि शत्रु पक्ष आप पर हर समय हावी रहने का प्रयत्न करेगा।

मार्च :—गोचर शास्त्रों के अनुसार तीसरा शुक्र होने से मित्रों की वृद्धि धन प्राप्ति, मान-सम्मान में वृद्धि, धार्मिक प्रवृति चौथा सूर्य होने से मानसिक तथा शारीरिक पीडा, घरेलू परेशानी, ज़मीन जायदाद सम्बन्धित नये-नये झगड़ों का उत्पन्न होना, घरेलू परेशानी, घर में किसी वृद्ध पुरुष के शरीर सम्बन्धित परेशानी आपको घेरे रखेगी विद्या सम्बन्धित हर कार्य में सफलता का योग।

धनु राशि का वर्षफल (SAGITTARIUS)

से, या, भा, भि, भु, फ, ढ, भे



गोचर सिद्धान्तों के आधार से दूसरा बृहस्पति होने से धन का आगमन, कुटम्ब की सुख-समृद्धि, विवाह अथवा पुत्र जन्म का योग, शत्रुओं के साथ मित्रता का व्यवहार, चौथा बुध होने से धन की प्राप्ति, माता को सुख ज़मीन-जायदाद में वृद्धि, अच्छे विद्वानों तथा भद्र पुरुषों के साथ मिलने का अवसर, गृहस्थ सुख का योग, चौथे भाव में शुक्र होने से मनोकामनाओं में सिद्धि, वैभव विलास वाहन इत्यादि की प्राप्ति, जनता से प्रेम तथा सम्पर्क बढ़ने का योग, मनोबल में वृद्धि, इस मास के आरम्भ पर शुभ और अशुभ ग्रहों का पलड़ा एक जैसा होने के कारण यह वर्ष हर प्रकार से सर्व-साधारण स्थिति में ही गुज़रेगा आप जो भी काम करते हैं वह बिना किसी रुकावट के चलता रहेगा परन्तु किसी विशेष लाभ या हानि का कोई योग नहीं है, चौथा सूर्य तथा शनि के कारण आपका शरीर बनता बिगड़ता रहेगा जोकि आपके लिए परेशानी का कारण बन सकता है, हो सकता है कि शरीर की समस्या आपके काम में भी रुकावट डाल सके अतः आपको शरीर के विषय में हर समय सावधान रहने की ज़रूरत है उपाय के रूप में आप नित्य नियम से 'भगवद्गीता' की एक-एक अध्याय का पाठ किया करें यदि आप गीता जी पढ़ नहीं सकते हैं तो सुनने का परोग्राम अवश्य बनाया करें, विद्यार्थियों के लिए हर प्रकार से सफलता देने वाला वर्ष है उनको चाहिए कि इस वर्ष के ग्रहों

से लाभ उठाएं, सफलता अवश्य मिलेगी।

धनु राशि का मासिक फल

अप्रेल :—इस मास के आरम्भ पर अशुभ ग्रहों का पलड़ा भारी होने के कारण यद्यपि यह महीना दौड़धूप का ही होगा परन्तु आमदनी की दृष्टि से यह महीना ठीक ही रहेगा, आप कारोबार करते हैं या नौकरी आपका काम यथावत चलता रहेगा और लाभ भी होगा, हो सकता है लाभ में कुछ कमी हो परन्तु नुकसान का कोई अन्देशा नहीं है दूसरा बृहस्पति विद्या प्राप्ति के लिए उत्तम है।

मई :—गोचर सिद्धान्तों के आधार से ग्रहों की स्थिति को देखते हुए यह महीना हर प्रकार से सुख और शान्ति के माहोल में गुज़रेगा आपका प्रत्येक काम चाहे नौकरी अथवा कारोबार अच्छी प्रकार से चलेगा, लाभ भी आशा से अधिक ही मिलेगा दफ्तर का माहोल आपके अनुकूल रहेगा गृहस्थी को गृहस्थ की ओर से शान्ति का योग विद्यार्थियों के लिए सफलता का महीना।

जून :—गोचर शास्त्र के आधार से छटा सूर्य होने से कार्य सिद्धि, सुख प्राप्ति शत्रुओं पर विजय, रोगों का नाश राज्याधिकारियों से लाभ, दूसरा बृहस्पति होने से धन का आगमन, विवाह अथवा पुत्र जन्म का योग, शत्रुओं के साथ मित्रता का व्यवहार, चल सम्पत्ति में वृद्धि का योग ऊपर दिये हुए फल के आधार से यह महीना शुभफल का ही सूचक है परन्तु केवल तीन ग्रहों का शुभ होना संघर्ष का ही सूचक माना जाता है।

जुलाई :—इस मास के ग्रहों के अनुसार यह महीना शान्त माहोल में ही गुज़रेगा आप शरीर से स्वस्थ रहेंगे यदि घर में शरीर सम्वन्धित कोई परेशानी होगी वह भी दूर हो जाएगी आप जिस किसी पेशा से सम्बंन्धित हैं आपका काम बिना किसी रुकावट

के सिद्ध होगा यदि आपको सन्तान पक्ष से किसी प्रकार की परेशानी है तो उसका हल भी निकल सकता है या निकलने के आसार दिखाई देगें, विद्या सम्बन्धित कार्यों में सफलता का योग।

अगस्त :—गोचर सिद्धान्तों के आधार से ग्यारवां मंगल होने से हर ओर से जय, आरोग्य, धन धान्य की प्राप्ति, आय में आशातीत वृद्धि, सगे-सम्बन्धियों से लाभ, नवां शुक्र होने से शरीर स्वस्थ आशा से अधिक लाभ, घर में मांगलिक तथा धार्मिक उत्सव मनाने का योग, मित्रों के साथ मिलने-जुलने का योग, दूसरा बृहस्पति होने से धन का आगमन तथा विद्यार्थियों के लिए विद्या सम्बन्धित कार्यों के लिए सफलता का महीना।

सितम्बर :—इस मास के आरम्भ पर केवल बृहस्पति तथा मंगल की स्थिति अच्छी शेष सभी ग्रह अशुभ स्थिति में हैं इस मिले-जुले ग्रहों के प्रभाव से यह महीना दौड़धूप तथा संघर्ष के माहोल में ही गुज़रेगा आप जो कोई भी कार्य करते हैं बिना रुकावट के चल नहीं सकता है, बिना कारण धन हानि विशेष रूप से व्योपारी वर्ग को, नौकरी पेशा होने पर झूठा आरोप लगाने का योग, गृहस्थी होने पर घर का माहोल भी आपके अनुकूल नहीं रहेगा, विद्यार्थियों के लिए सफलता का ही महीना।

अक्टूबर :—मास के आरम्भ पर पांच ग्रहों का शुभ होना सुख और शान्ति का सूचक है इस शुभ योग के प्रभाव से आपकी आमदनी में विशेष वृद्धि होगी यदि आप नौकरी करते हैं तो पदोन्नति का अवसर अवश्य मिलने का चान्स है यदि मिलेगा भी नहीं तो भी उससे सम्बन्धित कागज़ात हरकत में आएंगे अफसर लोगों के साथ मिलने-जुलने का मौका मिलेगा, विद्यार्थियों को आशा से अधिक सफलता का योग।

नवम्बर :—बारवां चन्द्रमा तथा पहला भौम होने के कारण आपका शरीर बनता बिगड़ता रहेगा जोकि आपके प्रत्येक कार्य में अडचन डाल सकता है शेष सभी ग्रह आपके हक में हैं आपकी आमदनी में आशा से अधिक वृद्धि होगी घर पर कोई महोत्सव इत्यादि मनाने का परोग्राम, नौकरी पेशा होने पर स्थान परिवर्तन का योग जो कि आपके लिए लाभदायक रहेगा, विद्यार्थियों के लिए सफलता का महीना।

दिसम्बर :—वर्ष के आखरी मास में केवल तीन ग्रह आपके अनुकूल होने से यह मास संघर्ष में ही गुज़रेगा लग्न का भौम तथा चन्द्रमा और बारवां सूर्य आपके शरीर को अवश्य प्रभावित करेगा इस कारण आपको शरीर के विषय में सावधान रहना चाहिए इस क्रूर प्रभाव से बचने के लिए आपको उपाय के रूप में मंगलवार के दिन तहर बनाकर पक्षियों को खिलाना चाहिए तथा यदि आपको किसी नशीली वस्तु की आदत है तो उससे दूर रहें नहीं तो बाद में पछताना पड़ेगा।

जनवरी :—पहला सूर्य, दूसरा भौम, बृहस्पति, शुक्र, तीसरा चन्द्रमा, चौथा शनि बारवां बुध नए वर्ष का पहला महीना कोई विशेष शुभ सन्देश लेकर नहीं आया है क्योंकि अशुभ ग्रहों का पलडा भारी होना दौड़धूप का ही सूचक है आप हर काम को मन लगाकर कीजिए नहीं तो हानि की सम्भावना है कारोबारी वर्ग को इस महीने में हाथ पर हाथ धर कर वैठना है नौकरी पेशा होने पर दफ्तर का माहोल आपके अनुकूल होने के कारण थोड़ी बहुत शान्ति रहेगी।

फरवरी :—इस मास के ग्रहों को वेधाष्टक वर्ग सिद्धान्तों पर परखने से मालूम होता है कि ग्रहों में गतमास की अपेक्षा कुछ सुधार हुआ है जिस कारण यह मास शान्ति में ही गुज़रेगा परन्तु आपकी आमदनी में कोई खास वृद्धि नहीं होगी अपितु खर्च के नए-नए प्लान बनते रहेंगे और खर्च होता रहेगा, गृहस्थी होने पर गृहस्थ की ओर से शान्ति, विद्यार्थी वर्ग के लिये सफलता का महीना।

मार्च :—पांच ग्रहों का वेध में होना तथा दो ग्रहों का शुभ होना सुख और शान्ति का सूचक है क्योंकि वेध में गया हुआ अशुभ ग्रह शुभ फल देने वाला बनता है इस कारण आपका प्रत्येक कार्य बिना रुकावट के हल होगा, आप नौकरी करते हैं या कारोबार दोनों सूरतों में आप लाभ में रहेंगे, विद्यार्थियों के लिए परेशानी का ही महीना है।

मकर राशि का वर्षफल (CAPRICORN)

भो, जा, जि, जू, जे, खा, खो, खू, ग, गो

वेधाष्टक वर्ग गोचर सिद्धान्तों के आधार के अनुसार तीसरा सूर्य, चन्द्रमा, शुक्र तथा शनि होने से रोगों से मुक्ति, सुख, स्वस्थ शरीर सज्जनों एवं उच्च राज्याधिकारियों से मेल-मिलाप, मान-प्रतिष्ठा का योग धन प्राप्ति, स्वस्थ शरीर, बन्धजनों से मेल-मिलाप, लाभ, भाग्य में वृद्धि, मित्रों की वृद्धि, मान-सम्मान में वृद्धि, भाग्योदय, धार्मिक प्रवृत्ति, आरोग्य, पराक्रम, सुख में वृद्धि, हर काम में सफलता, धन तथा पद की प्राप्ति इत्यादि जन्म का बृहस्पति तीसरी बुध तथा आठवां मंगल होने से भय, मान-हानि, रोज़गार तथा व्यवसाय में विघ्न, राजभय, यात्राकष्ट फजूल खर्च, आर्थिक स्थिति डांवा-डोल, भाइयों से अनबन, नेत्र रोग की सम्भावना, साहस की कमी, धन हानि, सगे-सम्बन्धियों से अनबन इत्यादि गोचर शास्त्रों के आधार से ऊपर लिखे गए फल के अनुसार यह वर्ष सुख शान्ति का होते हुए भी संघर्ष वाला वर्ष ही होगा आठवां मंगल आपके शरीर को अवश्य प्रभावित कर सकता है शरीर अस्वस्थ रहने का योग, चोट का

भय यदि जन्मचक्र में भी मंगल की स्थिति अशुभ है तो चीरफाड़ योग बन सकता है गृहस्थी होने पर आपको स्त्री अथवा सन्तान पक्ष से शान्ति का योग यदि आपको लड़की अथवा लड़के के विवाह सम्बन्धित कोई उलझन पीछे से चल रही है तो थोड़ा-सा परिश्रम करने से यह आपकी समस्या हल हो सकती है, यदि आप वाहन, ज़मीन मकान का कोई प्लान बना

रहे हैं तो आप आरम्भ कीजिए आपका यह काम अवश्य बिना किसी रुकावट के हल होगा, बृहस्पति की स्थिति अच्छी न होने पर भी विद्यार्थियों के लिए यह वर्ष हर प्रकार से सफलता का ही वर्ष होगा।

मकर राशि का मासिक फल

अप्रेल :—तीसरा सूर्य, शुक्र, शनि, पहला चन्द्रमा होने से यह मास सुख और शान्ति का सूचक है आपकी आमदनी में आशा से अधिक इज़ाफा होगा परन्तु साथ ही खर्च के नये-नये प्लान बनने में समय नहीं लगेगा आप जो कोई भी काम करते हैं आप लाभ में ही रहेंगे परन्तु शेयर का कारोबार करने वाले खसारे में रहेंगे आठवां मंगल होने के कारण आपको शरीर के विषय में सावधान रहना चाहिए, विद्यार्थियों के लिए कोई विशेष सफलता का महीना नहीं है।

मई :—इस मास के आरम्भ पर केवल तीन ग्रहों का शुभ होना कोई विशेष महत्व नहीं रखता है इस कारण यह महीना दौड़धूप तथा संघर्ष में ही गुज़रेगा हर ओर से अशान्ति का दौर होगा आप जो कोई भी काम करते हैं बिना अड़चन के सिद्ध होगा नही, अशुभ ग्रहों का प्रभाव आपकी आमदनी पर भी पड़ेगा जो कि आपके लिए परेशानी का कारण बन सकता है, विद्यार्थियों को भी पढ़ने की ओर प्रवृति कम रहेगी जिस कारण असफलता का मुंह देखना पड़ेगा।

जून :—इस मास के शुभ और अशुभ ग्रहों की स्थिति के आधार से यह मास अशान्ति में ही गुज़रेगा घर का वातावरण आपके अनुकूल न होने के कारण घरेलू परेशानी स्त्री तथा सन्तान पक्ष की ओर से अशान्ति यदि आप नौकरी करते हैं तो अफसर लोगों के साथ अनबन जो कि आपके लिए हानिकारक सिद्ध होगा, कारोबारी वर्ग का काम यथावत् चलता रहेगा, विद्यार्थियों के लिए सफलता का महीना।

जुलाई :—इस मास के आरम्भ पर ग्रहों की स्थिति में कोई विशेष बदलाव न आने के कारण यह मास भी गत मास की

तरह अशान्ति के ही माहोल में गुज़रेगा, कोई भी कार्य बिना रुकावट के सिद्ध नहीं होगा, यदि आप नौकरी करते हैं और घूस लेने के आदि हैं तो घूस लेना बन्द कीजिए वरना लेने के देने पड़ेंगे विद्यार्थियों के लिए सफलता का महीना।

अगस्त :—मास के आरम्भ पर शुभा-शुभ ग्रहों का पलडा एक जैसा होने के कारण यह मास सर्व-साधारण रूप से गुज़रेगा यद्यपि आमदनी में कोई फरक नहीं पड़ेगा भी परन्तु खर्च में अधिक वृद्धि होगी, घर पर कोई मांगलिक महोत्सव मनाने का परोग्राम बनेगा यदि आपको दफ्तर में कोई प्रमोशन का चान्स है हो सकता है मिल जायेगा यदि मिलेगा भी नहीं तो भी उससे सम्बन्धित कागजात हरकत में आयेंगे।

सितम्बर :—तीसरा शनि छटा चन्द्रमा आठवां बुध, नवां शुक्र होने से आरोग्य, पराक्रम सुख में वृद्धि, हर कार्य में सफलता धन तथा पद प्राप्ति, पुत्र सुख और धन लाभ, हर कार्य में सफलता आपकी आर्थिक तथा सामाजिक स्थिति में सुधार, यश और आनन्द की प्राप्ति, गृहस्थ सुख, रोगों का नाश, खर्च में थोड़ी बहुत अधिकता होने की सम्भावना।

अक्टूबर :—इस मास के ग्रहों के आधार से यह मास सुख और शान्ति के माहोल में गुज़रेगा आप जो कोई भी काम करते हैं उसमें आशा से अधिक सफलता मिलेगी आपकी आमदनी में भी वृद्धि होगी यदि आपको लड़की अथवा लड़के से सम्बन्धित कोई परेशानी है वह अवश्य दूर हो जाएगी यदि आप अविवाहित हैं तो इस मास में विवाह होने का योग बनता है विद्यार्थी वर्ग को चाहिए कि इस मास के ग्रहों से लाभ उठायें ग्रह उनके अनुकूल है।

नवम्बर :—इस मास के आरम्भ पर केवल बृहस्पति तथा भौम की स्थिति अच्छी न होने के कारण धन का फजूल खर्च, घर से बाहर रहने का योग, मान-हानि तथा स्त्री को कष्ट इत्यादि परन्तु शेष ग्रहों की स्थिति को देखते हुए किसी प्रकार के कष्ट का योग नहीं बनता है यह महीना हर प्रकार से शान्ति के माहोल में गुज़रेगा आपकी आमदनी खर्च की अपेक्षा ठीक रहेगी आप जो भी काम करते हैं आप फायदे में रहेंगे, विद्यार्थी वर्ग के लिए लाभ का महीना।

दिसम्बर :—गोचर कुण्डली में इस मास में सभी ग्रह ऊपर की ओर होने से एक प्रकार का छत्र योग जैसा बनता है इस

शुभ योग के प्रभाव से यह महीना हर प्रकार से लाभदायक रहेगा आप जो कोई काम करते हैं लाभ अवश्य मिलेगा यदि आप कोई नया काम आरम्भ करना चाहते हैं तो अवश्य कीजिए सफलता आपको अवश्य मिलेगी गृहस्थी होने पर सगे-सम्बन्धियों का आना जाना ज़ोरों पररहेगा, विद्या सम्बन्धित हर कार्य के लिए सफलता देने वाला महीना।

जनवरी :—बारवां सूर्य, पहला भौम तथा बृहस्पति यदि अशुभ स्थिति में हैं भी परन्तु यह किसी प्रकार का अनिष्ट करने में असमर्थ है क्योंकि छत्र योग का होना गोचर शास्त्रों में भी शुभ ही माना गया है इस कारण इस शुभ योग के प्रभाव से यह महीना हर प्रकार से शान्ति के माहोल में गुज़रेगा आपका प्रत्येक कार्य बिना किसी रुकावट के हल होगा, यदि आपको ज़मीन जायदाद के विषय में कोई समस्या है उस समस्या का हल इस महीने में निकल सकता है।

फरवरी :—आपका गोचर चक्र देखने से विदित होता है कि दिसम्बर महीने से ही ग्रह आपके अनुकूल हैं यह मास भी हर प्रकार से सुख और शान्ति के माहोल में गुज़रेगा, कारोबारी होने पर यदि लोगों के पास आपका पैसा फंसा हुआ है वह अवश्य वापिस आने लगेगा यदि दफ्तर में किसी प्रकार का प्रमोशन का पैसा रुका हुआ है उसके हल होने का भी योग बनता है, विद्यार्थियों के लिये सफलता का महीना।

मार्च :—बुध, बृहस्पति, शनि, भौम तथा शुक्र की स्थिति का शुभ होना शुभ योग का सूचक माना गया है इसके प्रभाव से यह महीना हर प्रकार से सुख और शान्ति के माहोल में गुज़रेगा यदि आपको वाहन इत्यादि लाने का कोई परोग्राम है तो इस महीने में उसको अमली रूप मिलेगा यदि आप मकान इत्यादि बनाने की ताक में हैं तो समय ज़ाया मत कीजिए, आप एकदम मकान का काम आरम्भ करें आपका यह काम बिना किसी रुकावट के सिद्ध होगा, विद्यार्थी वर्ग ने यदि कोई ट्रेनिंग इत्यादि का परोग्राम बना रखा है तो उसकी ओर तवजह देने से अवश्य सफलता मिलेगी।

कुम्भ राशि का वर्षफल (AQUARIUS)

गु, गे, गो, सा, सि, सु, से, सो, द



गोचर शास्त्र के अनुसार दूसरा सूर्य होने पर बुरे लोगों के साथ मेल-मिलाप, स्वभाव में चिड़चिड़ापन हो जाना, सर आंखों में पीड़ा, व्यापार तथा धन सम्पति की हानि दूसरा चन्द्रमा होने से मानसिक असन्तोष कुटुम्ब वालों के साथ अनबन, नेत्रों में पीड़ा, कार्यों में असफलता, पाप कर्मों की ओर प्रवृत्ति, विद्या में असफलता, सातवां मंगल होने से स्वजनों को मानसिक तथा शारीरिक कष्ट, स्त्री से अनबन, आपसी विवाद इत्यादि दूसरा बुध होने से आनन्द, धन की प्राप्ति, विद्या में उन्नति तथा सम्बन्धियों से धन प्राप्ति बारवां बृहस्पति होने से पुत्रादिकों से अलग होने की नौबत, धन का खर्च शरीर अस्वस्थ, झूठा इलज़ाम लगने का योग, दूसरा शुक्र होने से धन प्राप्ति, शरीर स्वस्थ, स्त्री सुख, सन्तान प्राप्ति का अवसर, मान प्रतिष्ठा का योग, गायन वादन की ओर रुचि, शत्रु नाश, दूसरा शनि होने से क्लेश, बिना कारण झगड़ा, स्वजनों से बैर, धन हानि, सुख की कमी इत्यादि ग्रहों के अनुसार ऊपर लिखे हुए फलादेश को दृष्टि में रखकर विदित होता है कि वर्ष के आरम्भ पर सूर्य, चन्द्रमा, शनि तथा भौम और बृहस्पति हानि कारक स्थिति में है शेष चार ग्रह शुभ अवस्था में हैं इन शुभाशुभ ग्रहों के अनुसार सामूहिक रूप से यह वर्ष सुख और शान्ति के माहोल में गुजरेगा आप का शरीर प्रायः स्वस्थ रहेगा यदि आप पहले से ही शरीर से अस्वस्थ

हैं तो उस में सुधार होगा आपकी आर्थिक स्थिति में भी थोड़ा सुधार होगा नौकरी पेशा वालों की अपेक्षा व्योपारी वर्ग अधिक लाभ में रहेगा, विद्या स्थान का स्वामी बुध होना विद्या प्राप्ति के लिए उत्तम माना जाता है इसलिए विद्यार्थियों के लिए शुभफल का सूचक है यदि आप उच्च विद्या के लिए बाहर कहीं जाना चाहते हैं तो अवश्य परोग्राम बनांयें उसमें सफलता होगी अपने क्रूर ग्रहों के फल को शान्त करने के लिए नियम से 'भगवद्गीता' का पाठ किया करें।

कुम्भ राशि का मासिक फल

अप्रेल : इस मास के आरम्भ पर शुभाशुभ ग्रहों के आधार से यह मास सामान्य रूप से गुज़रेगा आप के घर का माहोल आप के अनुकूल रहेगा, भाई बन्धु और रिश्तेदारों से मिलने-जुलने का मौका मिलेगा, सातवां बृहस्पति शुभफल का सूचक न होने के कारण नौकरी पेशा वालों को हर समय चौकस रहने की ज़रूरत है विद्यार्थी वर्ग के लिए सफलता का महीना।
मई : वेधाष्टक वर्ग दृष्टि इत्यादि सिद्धान्तों के अनुसार इस मास के ग्रहों से विदित होता है कि आप जो भी काम करते हैं वह अच्छी प्रकार से चलता रहेगा यद्यपि आपकी आर्थिक स्थिति में विशेष सुधार होगा भी नहीं परन्तु किसी प्रकार की कमी आप अनुभव नहीं करेंगे सातवां मंगल आपको सन्तान पक्ष की ओर से चिन्तित रखेगा यदि आपको लड़के अथवा लड़की के विवाह के विषय में कोई समस्या है तो वह जून के बाद हल होगी, विद्यार्थियों के लिए भी परेशानी का ही महीना है।
जून : दूसरा शनि होने से क्लेश, बिना कारण झगड़ा, स्वजनों से वैर, धन हानि तीसरा चन्द्रमा तथा बुध होने से धन प्राप्ति, स्वस्थ शरीर, बन्धुजनों से मेल-मिलाप, भाग्य में वृद्धि, साहस की कमी, धन हानि इत्यादि बारवां बृहस्पति से पुत्रादिकों से अलग होने की नौबत, धन का खर्च, शरीर अस्वस्थ इत्यादि इस मिले जुले शुभाशुभ फल के परिणामस्वरूप यह महीना दौड़धूप तथा संघर्ष में गुजरेगा आपका कोई भी काम बिना रुकावट के सिद्ध होगा नहीं, विद्यार्थी वर्ग के लिए भी विशेष सफलता

का महीना नहीं।

जुलाई : इस मास के आरम्भ पर सभी ग्रह आपके हक में नहीं हैं अत: आपको हर समय सावधान रहने की ज़रूरत है आठवां मंगल आपके शरीर को प्रभावित कर सकता है चौट का भय, आपकी आर्थिक तथा सामाजिक स्थिति भी इस महीने में डांवा-डोल ही रहगी काई भी कार्य स्वत: सिद्ध हल नहीं होगा, गृहस्थी होने पर गृहस्थ की ओर से परेशानी का योग, विद्यार्थी वर्ग को पढ़ाई की ओर प्रवृति कम रहेगी जिस कारण उनकी सफलता आशानुरूप नहीं होगी।

अगस्त : मास के आरम्भ पर केवल सूर्य तथा चन्द्रमा आपके अनुकूल है तथा बुध और शुक्र वेध में होकर शुभफल के ही सूचक हैं इस शुभ योग के प्रभाव से आपका यह महीना शान्ति के माहोल में ही गुज़रेगा आप जो भी काम करते हैं बिना किसी उलझन के चलता रहेगा चाहे किसी भी प्रकार का कारोबार हो, नौकरी पेशा वाले को दफ्तर का माहोल अनुकूल न रहने के कारण परेशानी का योग, विद्यार्थी वर्ग के लिए सफलता का महीना।

सितम्बर : गोचर शास्त्रों में बृहस्पति तथा शनि को बहुत महत्व है इस कारण गोचर चक्र में इन दोनों ग्रहों की स्थिति अच्छी होनी चाहिए इस मास के आरम्भ पर यह दोनों ग्रह अच्छी स्थिति में न होने के कारण यह महीना दौड़धूप तथा संघर्ष के माहोल में ही गुज़रेगा आपको शरीर के विषय में सावधान रहना चाहिए आप का शरीर बनता बिगड़ता रहेगा जोकि आपकी परेशानी का कारण बनेगा, गृहस्थी होने पर गृहस्थ की ओर से परेशानी विद्यार्थियों के लिए सफलता का ही महीना है।

अक्टूबर : इस मास के ग्रहों की स्थिति को देखने से विदित होता है कि यह मास सर्व साधारण रूप से गुज़रेगा विशेषतौर से आपकी आर्थिक तथा सामाजिक स्थिति में कोई विशेष परिवर्तन नहीं आएगा कारोबारी वर्ग की हालत कुछ सुधरने के आसार दिखाई देते हैं परन्तु नौकरी पेशा वालों की स्थिति ज्यों की त्यों रहेगी, आठवां सूर्य तथा चन्द्रमा आपके शरीर को भी प्रभावित कर सकता है, विद्यार्थियों के लिए सफलता का महीना।

नवम्बर : नवां सूर्य बुध होने से बिना कारण धन हानि, झूठा आरोप, आदर की कमी, अपमान का भय, हर प्रकार से असफलता

परन्तु ग्यारवां भौम तथा शुक्र होने से आरोग्य तथा धन धान्य की प्राप्ति, आमदनी में आशा से अधिक वृद्धि, सगे-सम्बन्धियों से लाभ, सभी कार्यों में सफलता इत्यादि ऊपर लिखे फलादेश के अनुसार यह महीना दौड़धूप का होते हुए भी अन्ततः लाभ का ही महीना है, विद्यार्थियों के लिए विशेष सफलता देने वाला महीना।

दिसम्बर : ग्यारवां चन्द्रमा, बुध, भौम होने से व्यापार में लाभ, पुत्रादि से मिलाप, आय में वृद्धि, धन-धान्य की प्राप्ति, आमदनी में वृद्धि नए पद की प्राप्ति, कारोबार में वृद्धि, मानसिक सुख और शांन्ति, मान प्रतिष्ठा का योग, परोपकार करने की प्रवृत्ति, दसवां सूर्य होने से राज्याधिकारियों से मित्रता, धन प्राप्ति, पदोन्नति का अवसर इत्यादि गोचर शास्त्रों के अनुसार यह मास सुख और शान्ति के माहोल में ही गुज़रेगा, विद्या सम्बन्धित हर कार्य में सफलता।

जनवरी : नए वर्ष के आरम्भ पर बृहस्पति तथा शनि के बिना सभी ग्रह आपके हक में है इस कारण यह महीना आपके लिए शान्ति का सन्देश लेकर ही आया है यह महीना सुख और शान्ति में ही गुज़रेगा आपकी आमदनी अच्छी रहेगी परन्तु खर्च के साधन ही बड़ेंगे आपका काम सामान्य रूप से चलता रहेगा परन्तु शनि तथा बृहस्पति अपना प्रभाव डाले बिना नहीं रह सकते हैं अतः आपको शरीर के विषय में सावधान रहना चाहिए, विद्यार्थियों को भी सावधान ही रहना पड़ेगा।

फरवरी : इस मास के आरम्भ पर सभी ग्रह ऊपर की ओर होने से शुभ योग की ओर इशारा करते हैं इस शुभ योग से यह महीना हर प्रकार से सुख और शान्ति के माहोल में गुज़रेगा आपका प्रत्येक कार्य बिना रूकावट के हल होगा आपकी आमदनी में विशेष परिवर्तन आएगा, ज़मीन जाईदाद सम्बन्धित यदि कोई समस्या है वह समस्या हल होने के हालत बनेंगे, आपका शरीर यद्यपि ढीला-ढाला ही रहेगा परन्तु किसी भय का योग नहीं है विद्यार्थियों के लिए सफलता देने वाला मास।

मार्च : यह महीना हर प्रकार से सुख और शान्तिदायक महीना है ग्रहों की स्थिति इस प्रकार की है कि आपका प्रत्येक काम बिना किसी विघ्न के हल होगा आपके घर में यदि किसी प्रकार की कोई समस्या है तो उसका समाधान अवश्य होगा यदि आपको दफ्तर की ओर से कोई परेशानी है तो वह परेशानी दूर हो जाएगी, गृहस्थी होने पर सन्तान पक्ष से कोई शुभ सन्देश मिलने का योग, विद्यार्थियों को चाहिए कि इस मास के ग्रहों से लाभ उठाये, ग्रह उनके अनुकूल हैं।

मीन राशि का वर्षफल (PISCES)

दि, दु, दे, दो, च, ची, घ, झ, ञ

गोचर सिद्धान्तों के अनुसार पहले भाव में चन्द्रमा तथा शुक्र होने से सुख और आनन्द की प्राप्ति, रोग मुक्ति, उपहारादि से धन प्राप्ति, शत्रु नाश, विवाह और सन्तान जन्म का योग, विद्या में सफलता, हर प्रकार से वैभव और विलास, कारोबार में वृद्धि, सत्यता की ओर झुकाव, छठे भाव में भौम होने से धन-अन्न की प्राप्ति, शत्रुओं पर विजय, शुभकामनाओं का नाश, स्वस्थ शरीर, ग्यारवें भाव में बृहस्पति होने से धन तथा प्रतिष्ठा में वृद्धि, शत्रुओं की पराजय तथा समस्त कार्यों में सफलता विवाह अथवा पुत्र जन्म का योग, नौकरी में पदोन्नति, व्यापार में वृद्धि शुभकार्यों की ओर रुचि, सातवें भाव में राहु होना अचानक कारोबार में वृद्धि, यात्रा से धन का लाभ, राज्य की ओर से अचानक उन्नति अथवा कोई लाभ, शरीर अस्वस्थ, स्त्री पक्ष से चिन्ता, धार्मिक अथवा सामाजिक कामों में दिलचस्पी का योग ऊपर लिखे हुए फलादेश के अनुसार पांच ग्रहों का शुभ होना आपके लिए हर प्रकार से शुभ फलादायक ही है तथा दो ग्रहों का वेध में होना भी शुभ ही माना जाता है क्योंकि वेध में गया हुआ अशुभ ग्रह भी शुभ फलादायक बनता है परन्तु ऐसा शुभ योग होते हुए भी पहले भाव का सूर्य तथा शनि प्रभावित किए बिना नहीं रह सकता है यह आपके शरीर को ढीला रख सकता है इस प्रकार आपको शरीर के विषय में सावधान रहना



चाहिए उपाय के रूप में आप किसी नशीली वस्तु का सेवन न करें नहीं तो बाद में पछताना पड़ेगा, गृहस्थी होने पर गृहस्थ की ओर से मानसिक शान्ति परन्तु सन्तान पक्ष की ओर से कोई न कोई चिन्ता आपको घेरे रखेगी उपाय के रूप में नित्य नियम से 'भगवद्गीता' की एक-एक अध्याय पढ़ें या सुनें, विद्यार्थी वर्ग के लिए विशेष लाभ का वर्ष है बृहस्पति देव उनके अनुकूल है इस कारण विद्यार्थियों को चाहिए कि इस का लाभ उठाएं।

मीन राशि का मासिक फल

अप्रेल : इस मास की ग्रह स्थिति आपके अनुकूल होने से यह मास सुख-शान्ति के माहोल में गुज़रेगा आपका शरीर स्वस्थ रहेगा गृहस्थी होने पर आपकी स्त्री यदि शरीर से अस्वस्थ है तो इस मास में ग्रह अनुकूल होने से उनका शरीर स्वस्थ होने का योग, घर में कोई शुभ काम का शुभारम्भ होने का योग, सगे-सम्बन्धियों के आने-जाने का योग जोरों पर रहेगा, कारोबारी होने पर कारोबार में अचानक लाभ का योग, विद्यार्थियों के लिए सफलता का महीना।

मई : इस मास के ग्रहों के अनुसार यह महीना भी सुख और शान्ति के माहोल में गुज़रेगा देर से लटकी हुई किसी समस्या का समाधान अवश्य निकलेगा चाहे वह किसी भी चीज़ से सम्बन्धित हो यदि आप वाहन इत्यादि लाने का परोग्राम बना रहे हैं इस परोग्राम को अमली रूप दीजिए फिर ऐसा मौका नहीं आएगा, विद्यार्थी वर्ग को चाहिए कि डटकर पढ़ाई में मन लगाकर पढ़ें तो आशा से अधिक सफलता मिलने का योग।

जून : इस मास के आरम्भ पर शुभ और अशुभ ग्रहों का पलड़ा एक जैसा होने के कारण यह महीना सर्व साधारण रूप से गुज़रेगा यद्यपि इस मास में कोई चमत्कारिक योग नहीं है परन्तु किसी प्रकार का अशुभयोग भी नहीं है, आप जो भी कोई काम करते हैं यथावत चलता रहेगा आपकी आमदनी खर्च के अनुसार ही रहेगी, गृहस्थ की ओर से मानसिक शान्ति का

योग, विद्या सम्बन्धित हर कार्य में सफलता।

जुलाई : मास के आरम्भ पर सातवां भौम आपके शरीर को प्रभावित करेगा आपका शरीर बनता बिगड़ता रहेगा जिस कारण आपका कार्य प्रभावित होगा और आपके लिए चिन्ता का कारण बनेगा इस कारण आपको शरीर के विषय में सावधान रहना चाहिए उपाय के रूप में हर मंगलवार को गौमाता को आटे का एक पिण्ड खिलाया करें आपकी आमदनी ज्यों की त्यों रहेगी परन्तु खर्च के नए-नए साधन बनते रहेंगे, विद्यार्थियों के लिए सफलता का महीना।

अगस्त : इस मास के आरम्भ पर आठवां मंगल शुभफल का सूचक न होते हुए आपका शरीर ढीला ही रहेगा परन्तु शेष ग्रहों की स्थिति को देखते हुए किसी विशेष हानि का कोई योग नहीं है ग्यारवां बृहस्पति छठः बुध तथा शुक्र के शुभयोग के प्रभाव से यह महीना शान्ति के माहोल में ही गुज़रेगा आमदनी भी ठीक ही रहेगी, गृहस्थी होने पर स्त्री पक्ष से मानसिक शान्ति गृहस्थी न होने पर विवाह सम्बन्धित कुछ परोग्राम बनेगा, विद्यार्थियों के लिए लाभ का महीना।

सितम्बर : इस मास के आरम्भ पर ग्रहों की स्थिति कुछ अज़ीब सी प्रतीत होने पर भी यह मास शान्ति के माहोल में गुज़रेगा क्योंकि बृहस्पति जोकि अच्छी स्थिति में है तथा जिसको गोचर शास्त्रों में महत्व का स्थान है के कारण आपका कोई भी कार्य रुकेगा नहीं तथा ना ही किसी प्रकार की परेशानी का योग बनता है आठवां मंगल होते हुए भी आप शरीर से ठीक रहेंगे, विद्यार्थियों के लिए सफलता का महीना।

